मास्क अप इंडिया

www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
वार्षिक शुल्क : ₹ 530

रोज़गार समाचार

साप्ताहिक

Login to https://eneversion.nic.in/ to subscribe e-version @ ₹ 400 per annum

खंड 46 अंक 5 पृष्ठ 24 | नई दिल्ली 1 - 7 मई 2021 | ₹ 12.00

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर

वी. मोहन राव

सरकार ने लोगों की समस्याएं दूर करने के लिये अभूतपूर्व कदम उठाये हैं, विशेष कर प्रवासी कामगारों की समस्या, जिन्हें कोरोना महामारी के कारण अनेक संकटों का सामना करना पड़ा, कुछ को तो आजीविका की तलाश में जान से भी हाथ धोना पड़ा. श्रम मंत्रालय ने असंगठित क्षेत्र के कामगारों और प्रवासी मजदूरों के लिये उनके आधार कार्ड से जुड़ा राष्ट्रीय डेटा बेस तैयार करने का प्रस्ताव किया है.

वैश्विक स्तर पर कोरोना वायरस के फैलाव और उसके बाद लागू पूर्णबंदी का भारत सहित पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ा. कोविड के कारण बड़ी संख्या में प्रवासी कामगारों को अपने गांव वापस लौटना पड़ा. सरकार ने आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य सामने रखा है जो अर्थव्यवस्था, अवसंरचना, प्रणाली, सक्रिय जनसांख्यिकी और युवाओं के लिये रोज़गार सृजित करने की मांग पर आधारित है.

राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक आयोग:- नीति आयोग ने देश में प्रवासी श्रमिकों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार करने के लिये एक उप-समूह गठित किया है. केंद्र ने अंतरराज्य प्रवासी श्रमिक (रोज़गार और सेवा स्थिति नियमन) अधिनियम, 1979 लागू किया था. यह अधिनियम अब पेशेगत सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थितियां संहिता, 2020 में शामिल कर दिया गया है. यह संहिता उत्तम कार्य स्थितियां,

न्यूनतम पारिश्रमिक, शिकायत निपटान व्यवस्था, दुर्व्यवहार और शोषण से सुरक्षा, कौशल विकास तथा प्रवासी श्रमिकों सहित संगठित और असंगठित सभी श्रेणी के कामगारों के लिये सामाजिक सुरक्षा का प्रावधान करती है.

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण रोज़गार अभियान:- सरकार ने कोविड-19 के कारण अपना रोज़गार छोड़कर लौटने वाले प्रवासी कामगारों और गांवों में ऐसे ही प्रभावित लोगों के लिये रोज़गार और आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिये 50,000 करोड़ रुपये के संसाधन से 125 दिन के गरीब कल्याण रोज़गार अभियान की शुरुआत 20 जून 2020 को की. इस अभियान का उद्देश्य मुसीबत में पड़े लोगों को तुरंत रोज़गार और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना, गांवों को सार्वजनिक बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना और आय अर्जित करने वाली गतिविधियां बढ़ाने के लिये आजीविका के अवसर सृजित करना तथा कुछ राज्यों में लंबी अवधि के आजीविका अवसर बढ़ाना है. अभियान के दौरान 39,293 करोड़ रुपये के व्यय से कुल 50.78 करोड़ मानव दिवस रोजगार सृजित किये गये.

आत्मनिर्भर भारत रोज़गार योजना (एबीआरबाई) — यह योजना सामाजिक सुरक्षा लाभों के साथ नये रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने और कोविड-19 महामारी के दौरान बंद हो गये रोज़गार को फिर बहाल करने के उद्देश्य से पहली अक्तूबर 2020 से लागू की गयी है.

इस योजना के तहत, 15000 हजार रुपये मासिक से कम पारिश्रमिक पाने वाला कर्मचारी, जो 1 अक्तूबर 2020 से पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन से पंजीकृत किसी प्रतिष्ठान में काम न करता रहा हो और जिसके पास 1 अक्तूबर 2020 से पहले यूनिवर्सल खाता संख्या या ईपीएफ सदस्य खाता संख्या न हो, लाभ के लिये पात्र होंगे.

इसके अलावा यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सहित विभिन्न सेक्टर/उद्योगों के नियोक्ताओं का वित्तीय बोझ भी कम करेगी और उन्हें अधिक श्रमिक रखने के लिये प्रोत्साहित करेगी. एबीआरबाई के अंतर्गत केंद्र भुगतान योग्य अंशदान में कर्मचारी का हिस्सा (पारिश्रमिक का 12 प्रतिशत) और नियोक्ता का हिस्सा (पारिश्रमिक का 12 प्रतिशत) दोनों या केवल कर्मचारी का हिस्सा उपलब्ध करा रहा है.

गरीब कल्याण रोजगार अभियान:- कोविड-19 फैलने के कारण गांवों में वापस लौटने वाले प्रवासी कामगारों के लिये रोज़गार और आजीविका अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्र ने 20 जून 2020 को गरीब कल्याण रोज़गार अभियान की शुरुआत की है. यह

(शेष पृष्ठ 19 पर)

सिविल सेवा साक्षात्कार के लिए तैयारी

भाग-II

एस बी सिंह

जब सिविल सेवा व्यक्तित्व परीक्षण की तैयारी की बात आती है, तो उम्मीदवारों के मन में आम सवाल यह है कि इसकी तैयारी कैसे करें? इसके संचालन का तरीका क्या है, बोर्ड की संरचना, योग्यता मूल्यांकन विधि, अंकों का आवंटन, और संभावित क्षेत्र जिनके बारे में प्रश्न पूछे जाएंगे. इन जिज्ञासाओं के बीच बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होने जा रहे उम्मीदवार के मस्तिष्क में चिंता, भय और मानसिक बाधाएं होना स्वाभाविक है, जिससे उसके प्रदर्शन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है. अतः साक्षात्कार की तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानना, एक अनिवार्यता है.

साक्षात्कार सत्र कैसे आयोजित किया जाता है: संघ लोक सेवा आयोग की अधिसूचना में, स्पष्ट रूप से साक्षात्कार के उद्देश्य और तरीके दोनों का उल्लेख होता है. प्रकाशित अधिसूचना में संघ लोक सेवा आयोग दिशा-निर्देशों को पढ़ना अत्यन्त महत्वपूर्ण है.

I. संघ लोक सेवा आयोग ने अपनी अधिसूचना में कहा है कि 'किसी भी उम्मीदवार से सामान्य रुचि के प्रश्न पूछे जाएंगे. साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण का उद्देश्य सक्षम बोर्ड, निष्पक्ष पर्यवेक्षकों द्वारा सार्वजनिक सेवा में कैरिअर के लिए उम्मीदवार की व्यक्तिगत उपयुक्तता का आकलन करना है.

II. 'साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण की तकनीक कोई कड़ी ज़िरह नहीं है, बल्कि एक स्वाभाविक, परन्तु निर्देशित और उद्देश्यपूर्ण बातचीत है जिसका उद्देश्य उम्मीदवार के बौद्धिक गुणों को प्रकट करना है.'

III. 'साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण का लक्ष्य अभ्यर्थी के विशेष या सामान्य ज्ञान का परीक्षण करना नहीं है जो पहले से ही उनके लिखित पत्रों के माध्यम से परीक्षण किया गया है. अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अकादमिक अध्ययन के विशेष विषयों में ही नहीं, बल्कि उन घटनाओं पर भी ध्यान दें, जो उनके अपने राज्य या देश के भीतर और साथ ही साथ विचारों की आधुनिक धाराओं और नई खोजों में भी हो रही हैं, जो भली-भांति शिक्षित युवाओं में जिज्ञासाओं को उजागर करती हैं.'

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किए गए उपरोक्त निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने से साक्षात्कार के बारे में सभी संदेह और आशंकाएं दूर हो जाती हैं. संघ लोक सेवा आयोग के निर्देशों के अलावा कुछ अन्य तथ्य इस प्रकार हैं:

1. साक्षात्कार यह आकलन करने का प्रयास करता है कि कोई उम्मीदवार सार्वजनिक सेवा में कैरिअर के लिए उपयुक्त है या नहीं. नेतृत्व, निर्णय लेने की क्षमता, सामाजिक सामंजस्य, संतुलित निर्णय, नैतिक और बौद्धिक अखंडता के उनके लक्षण सार्वजनिक सेवा के लिए उनकी उपयुक्तता को निर्धारित करेंगे.
2. पांच सदस्यों से मिल कर बना बोर्ड, अनुभवी विशेषज्ञों का एक सक्षम और निष्पक्ष समूह है जो किसी भी प्रकार के पूर्वाग्रह के बिना उम्मीदवार की योग्यता का मूल्यांकन करता है. बोर्ड की नज़रों में सभी उम्मीदवार समान होते हैं, भले ही उनकी सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक पृष्ठभूमि कोई भी हो.
3. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा साक्षात्कार सत्र के दौरान उपयोग किया जाने वाला कीवर्ड 'उद्देश्यपूर्ण वार्तालाप' है. आपके साथ बातचीत में बोर्ड आपको प्रोत्साहित करता है ताकि आपके बौद्धिक गुणों, जैसे मानसिक सतर्कता, आत्मसात करने की महत्वपूर्ण शक्तियां, स्पष्ट और तार्किक अभिव्यक्ति संतुलन, निर्णय लेने की क्षमता, विविधता और रुचि की गहराई, सामाजिक सामंजस्य और नेतृत्व की क्षमता, बौद्धिक और नैतिक अखंडता आदि को उजागर किया जा सके.
4. अंत में, संघ लोक सेवा आयोग की अधिसूचना से यह स्पष्ट हो जाता है कि राज्य में होने वाली वर्तमान

(शेष पृष्ठ 2 पर)

Follow us @Employ_News

facebook page
facebook.com/director.employmentnews

(पृष्ठ 1 का शेष)

सिविल सेवा साक्षात्कार के लिए तैयारी

घटनाएं, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय होती हैं, स्वास्थ्य, व्यापार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि में वर्तमान घटनाओं को बातचीत के दौरान लिया जाएगा. स्वाभाविक रूप से, वर्तमान मामलों में साक्षात्कार का एक खासा हिस्सा है.

साक्षात्कार कैसे शुरू होता है: जब आप बोर्ड में प्रवेश करते हैं, तो आप अपने आप को पांच वरिष्ठ, अनुभवी सदस्यों के सामने खड़े पाएंगे. इनमें से, एक बोर्ड का अध्यक्ष होगा, जो संघ लोक सेवा आयोग के सदस्यों में से एक होता है. अक्सर, अध्यक्ष आईएस, आईपीएस, आईएसएस या किसी केंद्रीय सेवा से सेवानिवृत्त नौकरशाह होता है. शेष चार में से दो सदस्य नौकरशाही से होते हैं जबकि दो विषय-क्षेत्र विशेषज्ञ होते हैं. ये चार सदस्य संघ लोक सेवा आयोग द्वारा बोर्ड का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रण पर आते हैं. एक बार जब आपको अपनी कुर्सी लेने के लिए कहा जाता है, तो अध्यक्ष आपको पांच से सात मिनट के लिए एक छोटी बातचीत में संलग्न कर देगा, जो कि ज्यादातर आपके बायो डेटा से संबंधित प्रश्न उठाते हैं, जिन्हें डीएएफ या डिटेल एप्लिकेशन फॉर्म्स के रूप में जाना जाता है.

फिर, वह आपके समक्ष अपने प्रश्न रखने के लिए किसी अन्य सदस्य को निर्देशित करेगा. वह आपके डीएएफ में आपके द्वारा दी गई जानकारी के कुछ पहलुओं पर भी कुछ प्रश्न उठा सकता है. फिर वह अर्थशास्त्र, शासन, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों आदि से संबंधित प्रश्न पूछेगा. साक्षात्कार के शेष भाग के दौरान यह प्रवृत्ति जारी रहेगी. दूसरे शब्दों में, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शासन इत्यादि पर विभिन्न प्रश्न सभी सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किए जाएंगे. इसके अलावा, एक कॅरिअर के रूप में सिविल सेवाओं के लिए आपकी पसंद के बारे में कुछ विशेष प्रश्न, काल्पनिक प्रश्न जैसे कि आप किसी निर्दिष्ट स्थिति में कैसे कार्य करेंगे, यदि आप जिला कलेक्टर हैं तो अपने जिले में कोरोना से कैसे निपटेंगे, आदि किए जा सकते हैं. इस तरह की बातचीत के दौरान, ऐसी स्थितियां होंगी जहां सदस्य आपकी स्थिति, स्पष्टीकरण पर आपसे असहमत होंगे. आपको याद रखना चाहिए, यह साक्षात्कार प्रक्रिया का हिस्सा है और असहमति आपकी संतुलित प्रतिक्रियाओं का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन की गई है.

आपकी योग्यता का आकलन कैसे किया जाता है: साक्षात्कार कक्ष से बाहर निकलने के बाद, अध्यक्ष आपके प्रदर्शन पर अपनी टिप्पणी अन्य सदस्यों को देगा. अन्य सदस्य भी आपके प्रदर्शन का मूल्यांकन प्रस्तुत करेंगे. यह ध्यान में रखते हुए कि वे पिछले उम्मीदवारों को अंक कैसे आवंटित कर रहे हैं, वे आपके लिए अंकों के एक निश्चित आवंटन पर पहुंचेंगे. विभिन्न विशिष्ट मापदंडों पर आपकी क्षमता को पहचानने के बजाय, वे आपके समग्र व्यक्तित्व प्रभाव के आधार पर आपका मूल्यांकन करेंगे. बेहतर प्रदर्शन वह है जिसमें आप अपने स्पष्ट और सटीक उत्तरों के साथ बोर्ड को समझाने और अपने व्यक्तित्व के गुणों से उन्हें प्रभावित करने में सक्षम हों. खराब प्रदर्शन वह है जिसमें आप किसी मुद्दे पर अपने रुख के बारे में अनिश्चित दिखाई देते हैं, या खुद का विरोध करते हैं, या आप के पास अपेक्षित बुनियादी जानकारी का अभाव होता है. एक औसत प्रदर्शन वह है जिसमें आपको मध्यम क्षमता का व्यक्ति पाया जाता है, जिसमें उत्कृष्ट गुणों का अभाव होता है.

प्रश्नों के संभावित क्षेत्र: पिछले कई वर्षों में उम्मीदवारों से अधिकतर पूछे जाने वाले प्रश्नों की उचित समझ से यह अनुमान लगाना आसान हो जाता है कि आपके साक्षात्कार में आपसे कौन से प्रश्न पूछे जाने की संभावना है.

बेशक सभी क्षेत्रों या प्रश्नों की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती है क्योंकि हमेशा कुछ अप्रत्याशित प्रश्न होंगे. यथार्थवादी होने के लिए, आपको पूर्वानुमानित प्रश्नों की तैयारी करनी चाहिए, न कि अप्रत्याशित प्रश्नों की.

किसी भी मामले में, जहां तक अप्रत्याशित प्रश्नों का सवाल है, भले ही आप उनमें से कुछ का जवाब नहीं दे पा रहे हों, लेकिन यह आपके इंटरव्यू को प्रभावित नहीं करने वाला

(शेष पृष्ठ 22 पर)

अब उपलब्ध है...



इकोनॉमिक सर्वे 2020-21 (अंग्रेजी संस्करण)
मूल्य - ₹ 595/- (पूरा सेट वाल्यूम-1 और 2)

भारत के आर्थिक विकास की गहन समीक्षा से युक्त
इस पुस्तक में देश के औद्योगिक, कृषि, विनिर्माण इत्यादि
सभी क्षेत्रों के विस्तृत सांख्यिकीय आंकड़े दिए गए हैं।

आज ही नज़दीकी पुस्तक विक्रेता से खरीदें

ऑर्डर के लिए संपर्क करें :
फोन : 011-24365609
ई-मेल : businesswng@gmail.com
वेबसाइट : publicationsdivision.nic.in

प्रकाशन विभाग
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार
सूचना भवन, सी जी ओ कॉम्प्लेक्स,
लोधी रोड, नई दिल्ली -110003

ट्विटर पर फॉलो करें @DPD_India

रोज़गार समाचार

अंबरीश बी. किशोर
महा प्रबंधक (प्रभारी)/वरिष्ठ संपादक
जयसिंह, संपादक
गौरव शर्मा, संपादक (प्रसार)
इकरा फैयाज़ खान
संपादक (विज्ञापन)
के. रामालिंगम, उत्पादन अधिकारी
गणेशी लाल
तकनीकी सहायक (उत्पादन)
पी. के. मंडल, वरिष्ठ कलाकार

पता : रोज़गार समाचार
सातवां तल , सूचना भवन
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड
नई दिल्ली-110003
प्रसार :
sec-circulation-moib@gov.in
विज्ञापन :
sec-advertise-moib@gov.in

संपादकीय : 24369443
विज्ञापन : 24369429/30
टेलीफैक्स : 24369430
प्रसार : 24365610
लेखा (विज्ञा.) : 24369419

भारतीय स्टेट बैंक

केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई
फोन: 022-22820427, फैक्स: 022-22820411, ई-मेल: crpd@sbi.co.in

विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों और फॉर्मासिस्ट की भर्ती

आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान: दिनांक 13.04.2021 से 03.05.2021 तक

क. पदों / नियोजन की प्रकृति / रिक्ति / आयु / चयन प्रक्रिया / विस्तृत विज्ञापन संख्या / पारिश्रमिक के विवरण:

क्र. सं.	पद	ग्रेड	रिक्तियाँ[1]										आयु[2] (वर्ष)			चयन प्रक्रिया	विज्ञापन सं. (एसबीआई कैरियर साइट पर)
			जन	ओबीसी	अजा	अजजा	ईडब्ल्यूएस	कुल	एलडी	एचआई	बीआई	डीएंडई	न्यू.	अपि.	को		
1.	प्रबंधक (जोखिम प्रबंधन)	एमएमजीएस -III	1	--	--	--	--	1	1 (ओएल)	--	--	--			31.12.2020	शॉर्ट-लिस्टिंग एवं साक्षात्कार	CRPD/SCO/2021-22/1
2.	प्रबंधक (ऋण विश्लेषक)		2	--	--	--	--	2	1 (ओएल)	--	--	--					
3.	प्रबंधक (इतिहास)		1	--	--	--	--	1	--	--	--	--	--	40	01.01.2021		CRPD/SCO/2021-22/3
4.	प्रबंधक (ऋण विश्लेषक)		20	11	7	3	4	45	1 (ओए/ओएल)	--	1	--	--	35	01.01.2021		CRPD/SCO/2021-22/6
5.	प्रबंधक (कार्य परिवार एवं उत्तराधिकार आयोजना)		1	--	--	--	--	1	1 (ओएल)	--	--	--	--	32	01.02.2021		
6.	प्रबंधक (विप्रेषण)		1	--	--	--	--	1	1 (ओएल)	--	--	--	27	35	01.01.2021		
7.	उप प्रबंधक (विपणन - वित्तीय संस्थाएं)	एमएमजीएस -II	1	--	--	--	--	1	1 (ओएल)	--	--	--	26	30	01.01.2021		
8.	उप प्रबंधक (सनदी लेखाकार)		5	1	--	--	--	6	1 (ओए/ओएल)	--	--	--	25	35	01.02.2021		
9.	उप प्रबंधक (एनीटाइम चैनल)		2	--	--	--	--	2	1 (ओए/ओएल)	--	--	--	--	35	01.04.2021		
10.	उप प्रबंधक (रणनीतिक प्रशिक्षण)		1	--	--	--	--	1	1 (ओएल)	--	--	--	--	30	01.02.2021		CRPD/SCO/2021-22/7
11.	आंकड़ा विश्लेषक		5	2	1	--	--	8	1 (ओएल)	--	--	--	--	35	01.01.2021	ऑनलाइन परीक्षा और साक्षात्कार	CRPD/SCO/2021-22/5
12.	फार्मासिस्ट	लिपिक	34	14	9	4	6	67	2	--	--	--	--	30	31.12.2020		CRPD/SCO/2021-22/4

$ - उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती है; **#** - सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को उपलब्ध आयु में छूट. **एमएमजीएस** - मध्य प्रबंधन ग्रेड स्केल, **जन** - सामान्य; **ओबीसी** - अन्य पिछड़ा वर्ग; **अजा**- अनुसूचित जाति; **अजजा** - अनुसूचित जनजाति; **पीडब्ल्यूडी** - अशक्त व्यक्ति, **एलडी** - चलने में विकलांगता, **ओए** - एक हाथ, **ओएल** - एक पैर, **एचआई** - श्रवण बाधित, **बीआई** - दृष्टिबाधित, **डीएंडई** - इसमें शामिल है ⇒ (i) "विशिष्ट शिक्षण विकलांगता" (एएलडी); (ii) "मानसिक रुग्णता" (एमआई); (iii) "बहु विकलांगता" (एलडी, बीआई, एचआई, एएलडी और एमआई में बहु विकलांगता)

वेतनमान: (i) एमएमजीएस-III: ₹63840-1990/5-73790-2220/2-78230; **(ii) एमएमजीएस-II:** ₹46170-1740/1-49910-1990/10-69810; **(iii) वेतनमें:** ₹17900-1000/3-20900-1230/3-24590-1490/4-30550-1730/7-42660-3270/1-45930-1990/1-47920 (अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार डीए, एचआरए, सीसीए, पीएफ, अंशदायी पेंशन फंड, एलएफसी, चिकित्सा सुविधा आदि के लिए पात्र होंगे)

ख. शैक्षिक योग्यता

क्र.सं.	पद	शैक्षिक योग्यता	अपेक्षित अनुभव/विशिष्ट कौशल
1.	प्रबंधक (जोखिम प्रबंधन)	**मूल योग्यता** (यथा 01.12.2015 को) एमबीए/पीजीडीबीएम या इसके समकक्ष न्यूनतम 5 साल के न्यूनतम 5 बाद योग्यता अनुभव (01.12.2020 तक)। वित्त को प्राथमिकता दी जाती है। **अपेक्षित अन्य व्यावसायिक योग्यता :** (01.12.2020 को): सीएफए/एफआरएम/पीआरएम (अनिवार्य)	किसी बैंक या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान में पर्यवेक्षी संवर्ग में जोखिम प्रबंधन (जोखिम प्रबंधन) विशेषज्ञता में वर्ष के बाद योग्यता अनुभव (01.12.2020 तक)। **अनिवार्य:** जोखिम प्रबंधन में अनुभव और एक्सेल और पावर प्वाइंट का कामकाजी ज्ञान। **वरीयता:** किसी भी प्रोग्राम भाषा का ज्ञान और जोखिम मॉडल विकास का अनुभव। **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** सीएफए/एफआरएम/पीआरएम (अनिवार्य)
2	प्रबंधक (ऋण विश्लेषक)	**मूल योग्यता** (01.12.2015 को): एमबीए/ प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री/ प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा या उनके समकक्ष या सनदी लेखाकार/लागत लेखाकार **अन्य योग्यता (पसंदीदा)** (01.12.2020 को) अमेरिका आधारित सीएफए संस्थान व्यावसायिकयोग्यता से सनदी वित्तीय विश्लेषक (सीएफए) प्रोग्राम	किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक या वित्तीय संस्थान में पर्यवेक्षी क्षमता में ऋण संबंधी क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनिवार्य कार्य अनुभव (01.12.2020 को)। **वरीयता:** कॉर्पोरेट ऋण विश्लेषण या कॉर्पोरेट ऋण समूहन। **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** दीर्घकालिक ऋण मूल्यांकन प्रक्रिया, तुलनपत्र विश्लेषण, अच्छे विपणन और संचार कौशल की समझ।
3	प्रबंधक (इतिहास)	**मूल योग्यता:** स्नातकोत्तर (अर्थशास्त्र) या स्नातकोत्तर (इतिहास)-यूजीसी से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों /संस्थानों से 60% अंकों (प्रथम श्रेणी) या विश्वविद्यालय डिग्री के अनुसार प्रथम श्रेणी के समकक्ष पूर्णकालिक पाठ्यक्रम। **अन्य व्यावसायिक योग्यता/प्रमाणपत्र (वरीयता)** (01.01.2021 को): पीएचडी (अर्थशास्त्र) या पीएचडी (इतिहास)	क. यूजीसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/संस्थानों में इतिहास या अर्थशास्त्र में शिक्षण क्षेत्र में या किसी संगठन के अभिलेखागार अनुभाग में इतिहासकार के रूप में न्यूनतम 6 वर्ष का अनुभव (पूर्णकालिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद) **अनिवार्य:** आर्थिक पत्रिकाओं, समाचार पत्रों आदि में सामान्य अर्थशास्त्र और बैंकिंग पर न्यूनतम 5 लेख प्रकाशित हुए होंगे। **वरीयता:** अर्थशास्त्र/इतिहास से संबंधित विषयों को कवर करने वाली एक पुस्तक प्रकाशित की गई हो **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल (लिखित और मौखिक)
4	प्रबंधक (ऋण विश्लेषक)	किसी भी क्षेत्र में स्नातक **और** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 2 वर्षीय नियमित पाठ्यक्रम के रूप में एमबीए/पीजीडीबी/पीजीडीबीएम या उनके समकक्ष (वित्त में विशेषज्ञता के साथ)। सीए/सीएफए/आईसीडब्ल्यूए (सीएमए) की योग्यता रखने वाले उम्मीदवार भी आवेदन करने के पात्र हैं ।	किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक या सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्थान/कंपनी की अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/एसोसिएट या सहायक कंपनी में पर्यवेक्षी/प्रबंधन भूमिका में कार्यपालक के रूप में कॉर्पोरेट/एसएमई ऋण में न्यूनतम 3 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव (01.01.2021 को)। उच्च मूल्य वाले ऋण में योग्यता के बाद का अनुभव बहुत जरूरी है। अनुभव मध्यम/बड़े कारपोरेट के ऋण प्रस्तावों के मूल्यांकन/आकलन में होना चाहिए। **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** तुलनपत्र का विश्लेषण/ऋण प्रस्ताव का मूल्यांकन ऋण निगरानी और अनुवर्ती कार्रवाई।
5	प्रबंधक (कार्य परिवार एवं उत्तराधिकार आयोजना)	i) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से किसी भी स्ट्रीम में पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के रूप में स्नातक, और मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के रूप में एमबीए/पीजीडीएम या मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ इसके समकक्ष।	मानव संसाधन के क्षेत्र में न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव (इंटर्नशिप सहित, यदि कोई हो) जिसमें से न्यूनतम 4 वर्ष का अनुभव एचआर उपक्षेत्रों जैसे उत्तराधिकार योजना, कार्य परिवार, एचआरएम से संबंधित निर्णय सहायता उपकरण में बैंकों/एनबीएफसी के साथ होना चाहिए। ii) **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** जैसा कि एसबीआई करियर वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/एससीओ/2021-22/6 में उल्लेख किया गया है।
6	प्रबंधक (विप्रेषण)	क. किसी भी स्ट्रीम में पूर्णकालिक बीई/बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार, कंप्यूटर विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं उपकरण आदि), **और** ख. पूर्णकालिक एमबीए/पीजीडीएम या समकक्ष प्रबंधन डिग्री ग. (प्रमुख के रूप में विपणन क्षेत्र वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी) (पत्राचार/अंशकालिक के माध्यम से पूरा किया गया पाठ्यक्रम पात्र नहीं होगा)	विदेशी आवक प्रेषण में व्यवहार करने वाले अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में न्यूनतम 4 वर्ष का मूल योग्यता पश्चात् अनुभव (01.01.2021 को)(विनिमय गृहों/बैंकों के साथ संव्यवहार में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी) **वरीयता:** अनुपालन, आईटी, कानूनी, संचालन आदि जैसी परस्पर कार्यात्मक टीमों के साथ काम करने का अनुभव **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** जैसा कि एसबीआई करियर वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/एससीओ/2021-22/6 में उल्लेख किया गया है।
7	उप प्रबंधक (विपणन - वित्तीय संस्थाएं)	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एमबीए/पीजीडीएम या उसके समकक्ष 2-वर्षीय पूर्णकालिक पाठ्यक्रम(विपणन में विशेषज्ञता को प्राथमिकता दी जाएगी)	वित्तीय संस्थानों/बैंकों में पर्यवेक्षी क्षमता में विपणन क्षेत्र में काम करने का न्यूनतम 4 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव (01.01.2021 को) वित्तीय संस्थानों के उत्पादों अर्थात नोस्ट्रो/वोस्ट्रो, व्यापार उत्पादों, ट्रेजरी उत्पादों आदि के विपणन में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को **वरीयता** दी जाएगी। **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** जैसा कि एसबीआई करियर वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/एससीओ/2021-22/6 में उल्लेख किया गया है।
8	उप प्रबंधक (सनदी लेखाकार)	सनदी लेखाकार (एक प्रयास में उत्तीर्ण करने वाले को वरीयता)	किसी भी वित्तीय संस्थान/कॉर्पोरेट/बैंक में पर्यवेक्षी क्षमता में न्यूनतम 3 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव (01.02.2021 को)
9	उप प्रबंधक (एनीटाइम चैनल)	क. आईटी स्ट्रीम में बीई/बीटेक केवल (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार/कंप्यूटर/इलेक्ट्रिकल/सूचना विज्ञान आदि) **और** ख. पूर्णकालिक 2 वर्ष एमबीए/पीजीडीएम या समकक्ष प्रबंधन की डिग्री	बैंकिंग, वित्त और/या ओईएम अथवा पर्यवेक्षी/कार्यपालक या टीम सदस्य की हैसियत में ओईएम या लेखापरीक्षा के क्षेत्र में न्यूनतम 4 वर्ष का समग्र अनुभव (01.04.2021 को) (सभी कार्य अनुभव, बीई/बीई/बीटेक और एमबीए/पीजीडीएम के बाद या उसके बाद इंटर्नशिप को कुल कार्य अनुभव के तहत विचार किया जाएगा।) कुल कार्य अनुभव में से न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों/वित्तीय संस्थानों में एटीएम/एडीडब्ल्यूएम/स्वतः सेवा कियोस्क (एसएसके) का प्रबंध करने या अन्य क्षेत्रों में एटीएम/एडीडब्ल्यूएम/एसएसके के मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ संव्यवहार करने में होना चाहिए।
10	उप प्रबंधक (रणनीतिक प्रशिक्षण)	एमबीए/पीजीडीबीएम या इसके समकक्ष (पूर्णकालिक पाठ्यक्रम के रूप में)। एचआर/मार्केटिंग में विशेषज्ञता रखने वाले उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी। **अन्य वांछनीय योग्यता:** आईटी/कंप्यूटर एप्लिकेशन में विशेष प्रमाणन ।	बैंकों/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों/कॉरपोरेट में पर्यवेक्षी/प्रबंधकीय भूमिका में न्यूनतम 3 वर्ष का योग्यता पश्चात् अनुभव। **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** जैसा कि एसबीआई करियर वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/एससीओ/2021-22/7 में उल्लेख किया गया है।
11	आंकड़ा विश्लेषक	**आवश्यक योग्यता** (अधिसूचना की तारीख को): न्यूनतम 60% अंकों के साथ कंप्यूटर साइंस/आईटी/डाटा साइंस/मशीन लर्निंग और एआई में बी.ई/बी.टेक/एम.ई/एम.टेक। **वांछनीय योग्यता:** डेटा विज्ञान में डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा	कॉर्पोरेट्स/वित्तीय संस्थानों/एनबीएफसी/सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में डेटा विश्लेषक के रूप में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** जैसा कि एसबीआई करियर वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/एससीओ/2021-22/5 में वर्णित है।
12	फार्मासिस्ट	क. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड या से एसएससी या इसके समकक्ष परीक्षा **और** फार्मेसी में डिप्लोमा (डी फार्मा) उत्तीर्ण **या** ख. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से फार्मेसी में डिग्री (बी फार्मा/एम फार्मा/डी फार्मा) या फार्मेसी में कोई समकक्ष डिग्री।	• शैक्षणिक योग्यता (क) के मामले में फार्मासिस्ट या कंपाउंडर के रूप में तीन साल का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पश्चात् अनुभव। **या** • शैक्षणिक योग्यता (ख) के मामले में फार्मासिस्ट या कंपाउंडर के रूप में एक वर्ष का न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता पश्चात् अनुभव । **अनिवार्य:** दुर्घटनाओं के लिए स्वतंत्र रूप से प्राथमिक चिकित्सा उपचार देने की क्षमता। **अपेक्षित विशिष्ट कौशल:** जैसा कि एसबीआई करियर वेबसाइट पर विज्ञापन संख्या सीआरपीडी/एससीओ/2021-22/4 में उल्लेख किया गया है।

तैनाती के स्थान, कार्य प्रोफाइल, कैडराइज, आवेदन कैसे करें, ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश, आवेदन शुल्क, शुल्क के भुगतान के लिए दिशानिर्देश, दस्तावेजों को कैसे अपलोड किया जाए, चयन प्रक्रिया, सामान्य जानकारी आदि के बारे में विवरण संबंधित विस्तृत विज्ञापनों में प्रदान किया गया है जो बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers या https://www.sbi.co.in/web/careers पर उपलब्ध है ।
आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को विस्तृत विज्ञापन में दी गई व्यापक जानकारी को ध्यान से पढ़ने की सलाह दी जाती है।
किसी भी पूछताछ के लिए, कृपया हमें crpd@sbi.co.in पर लिखें। ईमेल के विषय में विज्ञापन संख्या और पद के नाम का उल्लेख करना सुनिश्चित करें।

मुंबई
दिनांक: 13.04.2021

प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं होगा ।

रो.स. 5/14

महाप्रबंधक
(सीआरपीडी)

भारतीय प्रबंध संस्थान सिरमौर

Indian Institute of Management Sirmaur

रामपुर घाट रोड, पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, हि.प्र.-173025

Rampur Ghat Road, Paonta Sahib, Distt. Sirmaur, H.P - 173025

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)

(Under the aegis of Ministry of Education, Govt. of India)

भर्ती विज्ञापन सं. : 05/2021

संदर्भ सं.: एम्स/कार्मिक/05/2021

संकाय पदों के लिए विज्ञापन-अजा/अजजा/एनसी-अपिव/ईडब्ल्यूएस/डीएपी के लिए विशेष भर्ती अभियान

भारतीय प्रबंध संस्थान सिरमौर (आईआईएमएस) 2015 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा स्थापित नए भारतीय प्रबंध संस्थानों में से एक है. राष्ट्रीय महत्व के प्रमुख संस्थान के तौर पर, इसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता की प्रबंधन शिक्षा प्रदान करना और ज्ञान तथा अंतर्विषयक अध्ययनों के संबद्ध क्षेत्रों को प्रोत्साहित करना है.

संस्थान वर्तमान में पांवटा साहिब, हिमाचल प्रदेश में स्थित इसके सुसज्जित, अस्थाई परिसर से प्रचालन में है. संस्थान का पूर्णतः आवासीय कैम्पस धौला कुआं (हिमाचल प्रदेश) में शांत, हरे भरे परिवेश में तैयार हो रहा है और इसमें संकाय आवास, स्टाफ के लिए आवास, बत्तासल्म कॉम्प्लेक्स, प्रशासनिक परिसर, एमडीपी सेंटर, गेस्ट हाउस, हेल्थ सेंटर आदि शामिल है. परिसर का निर्माण बहुस्तरीय चित्रयवनिका प्रजातियों, भवनों, सड़क नेटवर्क, भूदृश्यों और अन्य साइट फीचर्स के साथ किया जा रहा है, साथ ही इसमें ऐसे रंगों, सामग्रीयों, पैमानों, टेक्सचर्स और पद्धतियों आदि का इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि वे क्षेत्र के परिवेश, आवास और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हो क्योंकि आईआईएम सिरमौर पर्यावरण को सुरक्षित और स्वच्छ रखने के लिए प्रतिबद्ध है. स्थाई परिसर के डिज़ाइन में हिमाचली स्थानीय प्रकृति और धरोहर को शामिल करने पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है.

संस्थान को ऐसे उत्साही और मेहनती अभ्यर्थियों की तलाश है जिनमें संस्थान के निर्माण में योगदान करने और इसके अपने वर्णित लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता करने का भारी जुनून है.

निम्नलिखित विषयों के क्षेत्र में एनसी-अपिव/अजा/अजजा/ईडब्ल्यूएस/डीएपी श्रेणी के पात्र अभ्यर्थियों से **21 अप्रैल, 2021 से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. संस्थान में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर** के पदों को भरने के लिए भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओज) तथा ओवरसीज सिटीजन्स ऑफ इंडिया (ओसीआईज) सहित भारतीय नागरिकों पर विचार किया जाएगा. आईआईएम सिरमौर में संकाय भर्ती के लिए विशेष भर्ती अभियान सीएफटीआईज में आरक्षित श्रेणी रिक्तियां भरने के लिए यथा लागू भारत सरकार के नियमों और शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप शासित होगा.

संस्थान अपने संकाय को भारत सरकार और संस्थान के नियमों के अनुरूप संकाय विकास भत्ता (एफडीए), सीपीडीए, ब्लत शिक्षण भत्ता (सीईए), चिकित्सा प्रतिपूर्ति, नई पेंशन स्कीम (एनपीएस), अंतर्राष्ट्रीय यात्रा रियायत (एलटीसी), प्रकाशन पुरस्कार, सीड ग्रांट आदि जैसे लाभ प्रदान करता है.

क्षेत्र/विषयक्षेत्र :

विपणन, वित्त और लेखांकन, व्यवसाय संचार, अर्थशास्त्र और व्यवसाय पर्यावरण, निर्णय विज्ञान, सांगठनिक व्यवहार और मानव संसाधन प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और प्रणालियां, प्रचालन और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन, रणनीतिक प्रबंधन, पर्यटन प्रबंधन, लोक नीति.

अर्हताएं :

1. सहायक प्रोफेसर (ग्रेड-I)-लेवल-12 (रु. 101500 प्रति माह) + भारत सरकार के नियमानुसार सामान्य भत्ते.

अनिवार्य :

(i) संपूर्ण बहुत अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड के साथ, पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या समकक्ष के साथ, विषयक्षेत्र में एफपीएम अथवा पीएच.डी या समकक्ष.

(ii) कम से कम 3 वर्ष का औद्योगिक/अनुसंधान/शिक्षण अनुभव, यद्यपि एफपीएम/पीएच.डी के अध्ययन के दौरान अर्जित अनुभव को छोड़कर.

वांछनीय :

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों/भारतीय प्रबंध संस्थानों में पढ़ाने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी. शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रतिष्ठित प्रमुख समीक्षित जर्नल्स में प्रकाशन का सफल ट्रैक रिकॉर्ड. प्रमुख विदेशी विश्वविद्यालयों से पीएच.डी डिग्री प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

ऊपरी आयु सीमा : वरीयतन 35 वर्ष तक

टिप्पणी : 3 वर्षों की सेवा पूरी होने पर, नियुक्त व्यक्ति रु. 131400 के आरंभिक मूल वेतन के साथ अगले शैक्षणिक लेवल 13ए1 में ग्रोन्नत कर दिए जाएंगे और हालांकि वे सहायक प्रोफेसर के तौर पर ही पदनामित रखे जाएंगे.

2. सहायक प्रोफेसर ग्रेड-(II)-अनुबंध पर*

अनिवार्य :

संपूर्ण बहुत अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड के साथ, पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या समकक्ष के साथ, विषयक्षेत्र में पीएच.डी या समकक्ष

वांछनीय :

शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रतिष्ठित प्रमुख समीक्षित जर्नल्स में प्रकाशन का सफल ट्रैक रिकॉर्ड.

ऊपरी आयु सीमा : वरीयतन 35 वर्ष तक

* अभ्यर्थी जिन्होंने शोधपत्र प्रस्तुत कर दिए हैं और डिफेंस का इंतज़ार कर रहे हैं उन्हें आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा. यद्यपि, अंतिम नियुक्ति पीएच.डी डिफेंस पूरी/अवार्ड होने और संस्थान को डिग्री अवार्ड प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर की जाएगी.

3. एसोसिएट प्रोफेसर -लेवल-13ए2 (रु. 139600 प्रति माह) + भारत सरकार के नियमानुसार सामान्य भत्ते.

अनिवार्य :

(i) संपूर्ण बहुत अच्छे शैक्षणिक रिकॉर्ड के साथ, पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या समकक्ष के साथ, विषयक्षेत्र में एफपीएम अथवा पीएच.डी या समकक्ष.

(ii) कम से कम 6 वर्ष का शिक्षण/औद्योगिक/अनुसंधान अनुभव, इसमें से कम से कम 3 वर्ष, यद्यपि एफपीएम/पीएच.डी के अध्ययन के दौरान अर्जित अनुभव को छोड़कर., सहायक प्रोफेसर (ग्रेड-1) के स्तर का होना चाहिए.

(iii) शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रतिष्ठित प्रमुख समीक्षित जर्नल्स (वरीयतन एबीडीसी रैंकिंग में सूचीबद्ध) में प्रकाशन का सफल ट्रैक रिकॉर्ड

वांछनीय : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों/भारतीय प्रबंध संस्थानों में पढ़ाने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी. अभ्यर्थी का प्रबंधन में पीएच.डी छात्रों अथवा अध्येता कार्यक्रम के निर्देशन, सम्मेलनों, शोध पत्रों के प्रस्तुतिकरण, पेटेंट्स, पाठ्यक्रम विकास की दृष्टि से विशेषज्ञता के विनिर्दिष्ट क्षेत्र में शोध तथा/अथवा अन्य मान्यता प्राप्त संगत शैक्षणिक/व्यावसायिक गतिविधियों-एमडीपीज सहित, कन्सलटेंसी और अनुसंधान परियोजनाओं के संबंध में प्रदर्शित नेतृत्व होना चाहिए. प्रमुख विदेशी विश्वविद्यालयों से पीएच.डी डिग्री प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

4. प्रोफेसर-लेवल-14ए (रु. 159100 प्रति माह) + भारत सरकार के नियमानुसार सामान्य भत्ते

अनिवार्य :

(i) संपूर्ण बहुत अच्छे शैक्षणिक रिकार्ड के साथ, पूर्ववर्ती डिग्री में प्रथम श्रेणी या समकक्ष के साथ, विषयक्षेत्र में एफपीएम अथवा पीएच.डी या समकक्ष.

(ii) न्यूनतम 10 वर्षों का संगत अनुभव जिसमें से कम से कम 4 वर्ष आईआईटीज/आईआईएससी बंगलुरू/आईआईएम/एनआईटीआईई मुंबई/आईआईएसईआर में सहायक प्रोफेसर के स्तर पर होना चाहिए, (यद्यपि, एफपीएम/पीएच.डी के अध्ययन के दौरान हासिल अनुभव को छोड़कर)

(iii) शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रतिष्ठित प्रमुख समीक्षित जर्नल्स (वरीयतन एबीडीसी रैंकिंग में सूचीबद्ध) में प्रकाशन का सफल ट्रैक रिकॉर्ड.

वांछनीय :

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों/भारतीय प्रबंध संस्थानों/अंतर्राष्ट्रीय स्तर में पढ़ाने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी. अभ्यर्थी का प्रबंधन में पीएच.डी छात्रों अथवा अध्येता कार्यक्रम के निर्देशन, सम्मेलनों, शोध पत्रों के प्रस्तुतिकरण, पेटेंट्स, पाठ्यक्रम विकास की दृष्टि से विशेषज्ञता के विनिर्दिष्ट क्षेत्र में शोध तथा/अथवा अन्य मान्यता प्राप्त संगत शैक्षणिक/व्यावसायिक गतिविधियों-एमडीपीज सहित, कन्सलटेंसी और अनुसंधान परियोजनाओं के संबंध में प्रदर्शित नेतृत्व होना चाहिए. प्रमुख विदेशी विश्वविद्यालयों से पीएच.डी डिग्री प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

आवेदन कैसे करें :

टिप्पणी: अभ्यर्थियों के लिए संस्थान की वेबसाइट: **www.iimsirmaur.ac.in पर 20 मई, 2021, अपराह्न 11.59 बजे तक** ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित है और ऑनलाइन प्रस्तुत आवेदनों की स्थाही से हस्ताक्षरित हार्ड प्रति साथ में सभी समर्थित प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित फोटोग्रतियां संलग्न करते हुए पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से भेजें जो कि नीचे वर्णित पते पर अधिकतम **28 मई, 2021** तक पहुंच जाने चाहिएं.

निदेशक

भारतीय प्रबंध संस्थान सिरमौर,

रामपुर घाट रोड, पांवटा साहिब,

जिला सिरमौर, हि.प्र.-173025

संस्थान द्वारा आवश्यकतानुसार विज्ञापन को विस्तारित किया जा सकता है. इस विज्ञापन के तहत ऑनलाइन से भिन्न किसी अन्य पद्धति से प्रस्तुत किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

सामान्य शर्तें :

1. उपर्युक्त संकाय पदों के लिए आवेदन करने वाला अभ्यर्थी भारत का नागरिक होना चाहिए. अपवादात्मक स्थितियों में विदेशी नागरिकों पर भारत सरकार के अनुदेशों के अनुरूप उपयुक्त प्राधिकारी से सुरक्षा मुक्ति के विषयाधीन, केवल अनुबंध आधार पर अल्पावधि के लिए नियुक्ति हेतु विचार किया जा सकता है.
2. नियुक्ति भारतीय प्रबंध संस्थान सिरमौर (आईआईएमएस) में होनी है, जो कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है.
3. सभी आवेदकों को विज्ञापन में निर्धारित पद की अनिवार्य अपेक्षाएं और अन्य शर्तें ऑनलाइन आवेदन बंद होने की तिथि को पूरी करनी चाहिए, उन्हें पद के लिए आवेदन करने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है. पात्रता के संबंध में परामर्श के लिए किसी भी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा.
4. ऑनलाइन आवेदन करने वाले सभी आवेदकों के लिए समर्थित प्रमाणपत्रों और दस्तावेजों को अपलोड करना अनिवार्य है. ऑनलाइन आवेदन-पत्र निर्धारित प्रपत्र में नहीं होने और/अथवा अपेक्षित सूचना/समर्थित दस्तावेज नहीं होने पर सरसरी तौर पर नामंजूर किए जा सकते हैं. इसके अलावा सभी आवेदकों के लिए प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन की हार्ड प्रति मुहरबंद लिफाफे में उसके ऊपर "**.....पद के लिए आवेदन-पत्र**" लिखकर प्रस्तुत की जानी चाहिए. विधिवत स्याही से हस्ताक्षरित ऑनलाइन प्रस्तुत आवेदनों की हार्ड प्रतियां साथ में शैक्षणिक/अनुभव/श्रेणी और/अथवा किसी अन्य संगत दस्तावेज की स्वयं सत्यापित प्रतियां आईआईएम सिरमौर के पास पंजीकृत/स्पीड पोस्ट से **28 मई, 2021 को सायं 5.00 बजे तक अथवा इससे पहले पहुंच जानी चाहिएं.** आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में नहीं होने और/अथवा अपेक्षित सूचना/दस्तावेज संलग्न न किए जाने अथवा बंद होने की तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को सरसरी तौर पर ही नामंजूर कर दिया जाएगा. साक्षात्कार के समय, यदि आवेदक को बुलाया जाता है, मूल शंसापत्रों के साथ दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा.
5. यदि एक से अधिक पद के लिए आवेदन कर रहे हैं, अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा.
6. निर्धारित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव न्यूनतम हैं. न्यूनतम विज्ञापित अपेक्षित अर्हता/अनुभव रखने मात्र से आवेदक स्वतः ही साक्षात्कार, जहां कहीं लागू है, के लिए बुलाए जाने का हकदार नहीं हो जाएगा.
7. संस्थान के पास सभी विज्ञापित पदों के लिए अभ्यर्थियों को अल्पसूचीबद्ध करने का अधिकार सुरक्षित है. विधिवत गठित स्क्रीनिंग कमेटी ऐसे मानदंड का पालन करते हुए अभ्यर्थियों को अल्पसूचीबद्ध करेगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे न्यूनतम निर्धारित अर्हता से अधिक और ऊपर, दस्तावेजों से समर्थित, संगत क्षेत्र में ऑनलाइन आवेदन में वर्णित सभी अर्हताओं और अनुभव का उल्लेख करें तथा सुनिश्चित करें कि सभी विवरण पूर्ण, सही और शुद्ध हैं. संस्थान के पास यदि निर्यमित असाइनमेंट्स के लिए कोई उपयुक्त अभ्यर्थी नहीं मिलता है तो संविदात्मक असाइनमेंट की पेशकश करने का अधिकार सुरक्षित है.
8. साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को अल्पसूचीबद्ध करने के लिए अपेक्षित अनुभव की गणना करते समय उम्मीदवार द्वारा अंशकालिक, दैनिक वेतन आधार पर अर्जित अनुभव को गणना में नहीं लिया जाएगा.
9. पात्रता, किसी आवेदन की स्वीकार्यता/अस्वीकार्यता, पात्रता मानदंड के निर्धारण, अर्हताओं की समकक्षता, स्क्रीनिंग/चयन की पद्धति, परीक्षा/परीक्षण/साक्षात्कार के आयोजन के संबंध में सभी मामलों में संस्थान का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा.

(शेष पृष्ठ 5 पर).

राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, हरिद्वार

(इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार)
द्वितीय तल राजकीय पॉलीटेक्निक परिसर, समीप पैंटागन माल, प्लाट नं. 6सी
सेक्टर-11, सिडकुल, हरिद्वार-249403

ऑनलाइन ग्रीष्म प्रशिक्षुता/प्रशिक्षण कार्यक्रम

(सत्र : मई-जून 2021)

निम्नांकित ऑनलाइन ग्रीष्म प्रशिक्षुता/प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदनपत्र आमंत्रित किये जाते हैं :

क्र. सं.	कार्यक्रम	सीटें	शुल्क रु. में	पात्रता	अवधि
1.	क्लाउड कंप्यूटिंग	30	1600	**प्रशिक्षुता कार्यक्रम :**	
2.	बिग डाटा एनालिटिक्स	30	1600	- मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से बी.ई./ बी.टेक/एमसीए कर रहे छात्र.	
3.	मशीन लर्निंग यूजिंग पायथन	30	1600		
4.	वेब अप्लीकेशन डेवलपमेंट यूजिंग अपाचे, माईएसक्यूएल एंड पीएचपी	30	1600	**प्रशिक्षण कार्यक्रम :** - बी.ई./बी. टेक/एमसीए	4-6 सप्ताह
5.	इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) यूजिंग आर्दुइनो	30	1600	- सीएस/सू.प्रौ. अथवा संबद्ध शाखाओं में एम.टेक/एम.एससी.	
6.	डीप लर्निंग यूजिंग पायथन	30	1600	- एम.एससी. किसी प्रोग्रामिंग भाषा के ज्ञान के साथ	
7.	मैटलैब प्रोग्रामिंग	30	1600	- स्नातक रा.इ.सू.प्रौ.सं. से 'ए'/'बी' लेवल के साथ	
8.	एन्ड्रायड अप्लीकेशन डेवलपमेंट	30	1200	- स्नातक किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से	
9.	वेब डिजाइनिंग	30	1200	पीजीडीसीए/पीजीडीआईटी के साथ.	
10.	जावा प्रोग्रामिंग	30	1200		
11.	प्रोग्रामिंग इन पायथन	30	1200		

* इच्छुक उम्मीदवार अन्य विवरणों तथा ऑनलाइन पंजीकरण के लिए 01334-235617, 9368349990 पर (कॉल एवं व्हाट्सैप) करें अथवा https://nielit.gov.in/haridwar/content/online-courses देखें. आवेदन करने हेतु अन्तिम तिथि 9 मई 2021 है.
* सीटें सीमित हैं तथा पहले आओ-पहले पाओ आधार पर भरी जायेंगी. रा.इ.सू.प्रौ.सं. सीटों की संख्या बढ़ाने/घटाने के लिए अधिकार सुरक्षित रखता है.
* 6 सप्ताह के प्रशिक्षण में 4 सप्ताह का आनलाइन प्रशिक्षण तथा 2 सप्ताह का परियोजना विकास शामिल है. परियोजना अवधि के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं है.
* अनुदेशक नीत सत्र अत्यन्त योग्य एवं अनुभवी संकायों द्वारा संचालित किये जायेंगे. ई-विषयवस्तु/प्रस्तुतीकरण एलएमएस का प्रयोग करते हुए साझा किये जायेंगे.
* प्रत्येक पाठ्यक्रम के समक्ष निदर्शित शुल्क में पंजीकरण, प्रशिक्षण, निर्धारण तथा ई-प्रमाणन शुल्क जीएसटी सहित शामिल हैं.
* प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक समापन के पश्चात ई-प्रमाणपत्र उपलब्ध किया जायेगा. मुद्रित प्रमाणपत्र मुद्रण, डाक तथा संभलाई प्रभारों के रूप में रु. 200/- अतिरिक्त का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है.

विज्ञा. सं. एनआईईएलआईटी/एचडीडब्ल्यू/2019/एडीएम/05 (खंड-ii)/91 — प्रशिक्षण समन्वयक

डीएवीपी 06149/11/0002/2122 — रो.स. 5/36

संघ लोक सेवा आयोग

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सहायक कमांडेंट (कार्यकारी) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2021

आयोग द्वारा आयोजित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल **सहायक कमांडेंट (कार्यकारी)** सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2021 के लिखित भाग का परिणाम घोषित कर दिया गया है. विस्तृत परिणाम आयोग की वेबसाइट **(http://www.upsc.gov.in)** पर उपलब्ध है. राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल **(http://www.ncs.gov.in)** पर भी इसका लिंक उपलब्ध कराया गया है. रो.स. 5/26

स्टेम सेल विज्ञान और पुनर्योजी चिकित्सा संस्थान

(जैव प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार का एक स्वायत्त संस्थान)
जीकेवीके पोस्ट, बेह्मारी रोड, बैंगलोर - 560 065.

विज्ञापन संख्या-इनस्टेम-सीएससीआर / 01/2020

तमिलनाडु के वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज बैगयम कैंपस में स्थित स्टेम सेल रिसर्च (CSCR) की सेंटर फॉर स्टेम सेल रिसर्च (CSCR) के लिए इंस्टीट्यूट फॉर स्टेम सेल साइंस एंड रिजनरेटिव मेडिसिन (InStem) द्वारा उपयुक्त उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वेल्लोर में तैनात केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर लागू होने वाले सभी स्वीकार्य योगों के साथ निम्नलिखित पद के लिए सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति / अवशोषण के आधार पर।

स्तर -12 में फेलो-ई (साइंटिस्ट-डी)
1 पोस्ट - 1 एससी श्रेणी

पूर्ण विज्ञापन, आवेदन करने की विधि, अन्य पद और किसी भी बाद के संशोधन / जिरह के लिए कृपया https://www.instem.res.in/jobportal/ पर जाएं।

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15.05.2021 — हस्ता/- निदेशक

रो.स. 5/8

(पृष्ठ 4 का शेष)

10. किसी अंतरिम पत्राचार अथवा व्यक्तिगत पूछताछ पर संस्थान ध्यान नहीं देगा.
11. पहले से केंद्रीय/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों आदि में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित करने चाहिएं.
12. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए सभी अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा.
13. चयन/चयन उपरांत प्रोसेस के दौरान किसी भी समय पहले से सेवारत अभ्यर्थियों के संबंध में सतर्कता मुक्ति सहित कोई अन्य प्रमाणपत्र प्राप्त करने का अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है.
14. अगा/अजजा/एनसी-ओपि/ईडब्ल्यूएस/डीएपी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षण और आयु में छूट भारत सरकार के अनुदेशों के अनुरूप होगी जिसके लिए आवेदक को विचार के लिए आवेदन के समय अपेक्षित प्रमाणपत्र अपलोड/संलग्न करना चाहिए. (प्रमाणपत्र केंद्रीय सरकार में रोजगार के लिए यथा निर्धारित प्रारूप में होना चाहिए).
15. संस्थान के पास किसी या सभी विज्ञापित पदों को भरने अथवा बगैर कोई कारण बताए नहीं भरने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित है.
16. उक्त सभी पदों के लिए संस्थान के लिए 24x7 की प्रतिबद्धता अपेक्षित है. अतः संस्थान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्धता रखने वाले उम्मीदवारों से आवेदन करने की अपेक्षा की जाती है.
17. अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को संस्थान द्वारा जारी नियुक्ति आदेश अनंतिम होगा. संस्थान साक्षात्कार और नियुक्ति के समय पूर्ववृत्त अथवा दस्तावेजों का सत्यापन करेगा (चरित्र एवं पूर्ववृत्त का सत्यापन/पुलिस सत्यापन, सभी मूल दस्तावेजों, अनुभव प्रमाणपत्रों और अन्य संगत दस्तावेजों का सत्यापन). यदि बाद में यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत तथ्य/दस्तावेज झूठे हैं अथवा कांटछांट किए हुए हैं अथवा अभ्यर्थी का संदिग्ध पूर्ववृत्त/पृष्ठभूमि है और सूचना को छिपाया गया है तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी और सेवा समाप्त कर दी जाएगी.
18. सभी नियुक्ति यथा लागू परिवीक्षा अवधि के संतोषजनक ढंग से पूरा करने के विषयाधीन होगी. इसके अलावा चयन प्रक्रिया में चूकवश कोई त्रुटि हो जाने पर जिसके बारे में नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद यदि पता चलता है, संस्थान के पास उम्मीदवारों को प्रेषित किसी भी पत्र में सुधार करने/वापस लेने/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है.
19. परिशिष्ट/सुधार/शुद्धिपत्र (यदि कोई है) केवल संस्थान की वेबसाइट पर डाला जाएगा.
20. किसी भी प्रकार की सिफारिश और/अथवा कहीं से भी कोई प्रभाव/दबाव डलवाया जाना पद के लिए अयोग्यता माना जाएगा.
21. अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार बुलावा पत्र/चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सहित संस्थान की ओर से पत्राचार, यदि कोई है, संबंधित उम्मीदवार द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-मेल आईडी पर भेजा जाएगा.
22. अपूर्ण आवेदन अथवा अपेक्षित प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियों के बगैर अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को नामंजूर कर दिया जाएगा.
23. लैंगिक विविधता को प्रोत्साहन देने के लिए महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है. रो.स. 5/15

राष्ट्रीय श्रम आर्थिक अनुसंधान और विकास संस्थान

सेक्टर -7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नरेला, दिल्ली -110040

रिक्ति विज्ञापन

राष्ट्रीय श्रम आर्थिक अनुसंधान और विकास संस्थान निम्नलिखित विवरणों के अनुसार समेकित परिलब्धियों / प्रतिनियुक्ति आधार के साथ अनुबंध पर संकाय पदों को भरने के लिए गतिशील, परिणाम-उन्मुख और अनुभवी पेशेवरों से आवेदन आमंत्रित करता है:

क्रमांक	पद का नाम, वेतनमान और रिक्ति की संख्या	आयु	योग्यता/अनुभव
1.	**निदेशक** (पे लेवल-13) 3 (2 यूआर, 1 ओबीसी)	33 वर्ष से कम नहीं लेकिन 57 वर्ष से अधिक भी नहीं. (**62 वर्ष तक के सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी पर भी विचार किया जा सकता है**)	अनुसंधान/शिक्षण में 10 वर्ष के पद योग्यता अनुभव के साथ अर्थशास्त्र/ सामाजिक विज्ञान में पीएच.डी. के साथ स्नातकोत्तर.
2.	**संयुक्त निदेशक** (पे लेवल-12) 4 (2 यूआर, 1 एससी, 1 ओबीसी)	30 वर्ष से कम लेकिन 50 वर्ष से ज्यादा नहीं.	अनुसंधान / शिक्षण में 8 साल (यानी मास्टर डिग्री) अनुभव के साथ अर्थशास्त्र / सामाजिक विज्ञान में मास्टर डिग्री.
3.	**उप निदेशक** (पे लेवल-11) 6 (3 यूआर, 2 ओबीसी, 1 एसटी)	26 वर्ष से कम लेकिन 40 वर्ष से ज्यादा नहीं.	अनुसंधान / शिक्षण में 5 साल (यानी मास्टर डिग्री) अनुभव के साथ अर्थशास्त्र / सामाजिक विज्ञान में मास्टर डिग्री.
4.	**सहायक निदेशक** (पे लेवल-10) 4 (3 यूआर, 1 ओबीसी)	26 वर्ष से कम लेकिन 35 वर्ष से ज्यादा नहीं.	अनुसंधान / शिक्षण में 3 साल (यानी मास्टर डिग्री) अनुभव के साथ अर्थशास्त्र / सामाजिक विज्ञान में मास्टर डिग्री.

1. प्रतिनियुक्ति के लिए आयु सीमा 56 वर्ष से अधिक नहीं है. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए नियम और शर्तों को समय-समय पर जारी किए गए डीओपीटी आदेशों और दिशानिर्देशों के अनुसार विनियमित किया जाएगा.
2. अनुबंध / प्रतिनियुक्ति की अवधि शुरू में तीन साल के लिए होगी और प्रदर्शन के आधार पर और दो वर्षों के लिए आगे बढ़ाई जा सकती है.
3. इच्छुक और योग्य उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन निम्नलिखित पते पर डाक द्वारा भेज सकते हैं:-
   महानिदेशक
   राष्ट्रीय श्रम आर्थिक अनुसंधान और विकास संस्थान
   सेक्टर -7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, नरेला, दिल्ली -110040
   टेलीफोन नंबर : 011-27783468, 011-27787085, 011-27787037
4. अन्य जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.nilerd.ac.in** पर जाएं.
5. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख 31/05/2021 है.

रो.स. 5/3

सं. ए. 12026/3/2021-ई.III

भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में संसद के अधिनियम (1980 का 46) के तहत स्थापित सांविधिक निकाय ब्रह्मपुत्र बोर्ड, गुवाहाटी में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल-14 (1,44,200 रुपए - 2,18,200/- रुपए) में **मुख्य अभियंता (स्तर-I)** के **01 (एक)** पद को भरे जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. कार्य दायित्व का संक्षिप्त विवरण :

ब्रह्मपुत्र बोर्ड का मुख्य अभियंता (स्तर-I) पूर्वोत्तर क्षेत्र में नदी बेसिनों की मास्टर योजना को तैयार करने, विभिन्न जल संसाधन परियोजनाओं की डिज़ाइन और आयोजना बनाने, मास्टर योजना में चिन्हित निकासी विकास योजनाओं की डीपीआर तैयार करने और नदी घाटी परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने का उत्तरदायित्व होगा.

3. पात्रता मानदंड :

प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) :

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या राज्य विद्युत बोर्डों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या सांविधिक संगठनों या स्वायत्त निकायों अथवा विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं के ऐसे अधिकारी, जो :

(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद पर हों; **या**

(ii) अपर मुख्य अभियंता या मुख्य अभियंता के पद पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल-13 ए (1,31,100 रुपए - 2,16,600 रुपए) में दो वर्षों की नियमित सेवा में हों; **या**

(iii) उप मुख्य अभियंता के पद पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल 13 के ग्रेड (1,23,100 रुपए -2,15,900 रुपए) में तीन वर्षों की नियमित सेवा में हों, **और**

(iv) अधीक्षण अभियंता के पद पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल 12 के ग्रेड (78,800 रुपए -2,09,200 रुपए) में आठ वर्षों की नियमित सेवा में हों, **और**

निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव हो :

(a) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री, **और**

(b) जल संसाधन परियोजनाओं या प्रबंधन और सामान्य प्रशासन में विशेषज्ञता के साथ सिविल इंजीनियरिंग कार्यों में 15 वर्षों का अनुभव.

टिप्पणी : फीडर ग्रेड में ऐसे विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की डायरेक्ट लाइन में हैं, प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) आधार पर नियुक्ति पर विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे. इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति अधिकारी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति पर विचार किए जाने के लिए भी पात्र नहीं होंगे.

4. प्रतिनियुक्ति की अवधि :

प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालीन संविदा सहित) केन्द्र सरकार या इसके समतुल्य किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य बाह्य संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालीन संविदा सहित) 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

5. आयु- प्रतिनियुक्ति पर (अल्पकालीन संविदा सहित) नियुक्त किए जाने की अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तारीख पर छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

6. इस पद के लिए अभ्यर्थी की पात्र सेवा/अनुभव और आयु निर्धारण की अंतिम तारीख आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख होगी.

7. किसी भी अधिकारी को चयन के पश्चात आवेदन वापस लेने अथवा कार्यभार ग्रहण करने से इंकार करने की अनुमति नहीं होगी और यह प्रायोजित करने वाले प्राधिकरण की जिम्मेदारी होगी कि वह चयनित अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी किए जाने के एक माह के अंदर कार्यमुक्त करे.

8. चयनित अधिकारी के पास, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के का.ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्थापना (वेतन-II) (समय-समय पर यथा संशोधित) के अनुसार अपना ग्रेड वेतन और प्रतिनियुक्ति (डूयूटी) भत्ता आहरित करने अथवा प्रतिनियुक्ति के पद के वेतनमान में अपना वेतन निर्धारित करवाने का विकल्प होगा.

9. अनुलग्नक- I से V में आवेदक के संपूर्ण विवरण के साथ आवेदन, यह परिपत्र जारी होने अथवा रोज़गार समाचार में यह विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से 60 दिन के अंदर श्री ए. के. कौशिक, अवर सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, छठा तल, कमरा संख्या -625, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 को पहुंच जाने चाहिएं. सभी आवेदनों की जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा. सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के आवेदकों को **''उचित माध्यम से''** आवेदन करना चाहिए. विज्ञापन में मांगे गए संपूर्ण विवरण से रहित आवेदनों को रद्द किया जा सकता है.

10. केवल ऐसे अधिकारियों/अभ्यर्थियों के आवेदन पर विचार किया जाएगा, जो उचित माध्यम से भेजे गए हैं और जिनके साथ **(i) अनुलग्नक-2** में दिए गए प्रपत्र में जीवन वृत्त (चार प्रतियों में) **(ii)** अवर सचिव अथवा इससे ऊपर के स्तर के अधिकारी से सत्यापित विगत पांच वर्ष की एसीआर/एपीएआर की प्रतिलिपि **(iii) अनुलग्नक-3** में दिए गए प्रपत्र में सतर्कता स्वीकृति **(iv) अनुलग्नक-4** के प्रपत्र के अनुसार पिछले दस वर्षों के दौरान लगाई गई बड़ी या छोटी शास्तियों का ब्यौरा, यदि कोई हो **और (v) अनुलग्नक-5** के अनुसार सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र तथा **(vi)** संवर्ग स्वीकृति संलग्न हो.

11. विज्ञापन का ब्यौरा और आवेदन का प्रारूप मंत्रालय की वेबसाइट- **http://mowr.go.in** से डाउनलोड भी किया जा सकता है.

(ए. के. कौशिक)
अवर सचिव, भारत सरकार
फोन : 23714350

अनुलग्नक-1

1. पद का नाम : मुख्य अभियंता (स्तर-I) ब्रह्मपुत्र बोर्ड, सांविधिक निकाय

2. पदों की संख्या : 01 (एक)

3. वर्गीकरण : समूह 'क' अननुसचिवीय

4. वेतन बैंड : वेतन मैट्रिक्स में लेवल-14, (1,44,200 रुपए -2,18,200/- रुपए)

5. ग्रेड वेतन : वेतन मैट्रिक्स में लेवल-14, (1,44,200 रुपए -2,18,200/- रुपए)

6. प्रतिनियुक्ति की अवधि : प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालीन संविदा सहित) केन्द्र सरकार या इसके समतुल्य किसी अन्य संगठन अथवा विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य बाह्य संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पकालीन संविदा सहित) 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

7. पद के दायित्व एवं जिम्मेदारी : ब्रह्मपुत्र बोर्ड का मुख्य अभियंता (स्तर-I) पूर्वोत्तर क्षेत्र में नदी बेसिनों की मास्टर योजना को तैयार करने, विभिन्न जल संसाधन परियोजनाओं की डिज़ाइन और आयोजना बनाने, मास्टर योजना में चिन्हित निकासी विकास योजनाओं की डीपीआर तैयार करने और नदी घाटी परियोजनाओं की डीपीआर तैयार करने का उत्तरदायित्व होगा.

8. वेतन एवं भत्ते : चयनित अधिकारी के पास, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 17.06.2010 के का. ज्ञा. सं. 6/8/2009-स्थापना (वेतन-II) (समय-समय पर यथा-संशोधित) के अनुसार अपना ग्रेड वेतन और प्रतिनियुक्ति (डूयूटी) भत्ता आहरित करने अथवा प्रतिनियुक्ति के पद के वेतनमान में अपना वेतन निर्धारित करवाने का विकल्प होगा.

9. पद के लिए अपेक्षित योग्यता, अनुभव और पात्रता : प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) : केंद्र सरकार या राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन या राज्य विद्युत बोर्डों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या सांविधिक संगठनों या स्वायत्त निकायों अथवा विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं के ऐसे अधिकारी, जो :

(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद पर हों; **या**

(ii) अपर मुख्य अभियंता या मुख्य अभियंता के पद पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल-13 ए (1,31,100 रुपए - 2,16,600 रुपए) में दो वर्षों की नियमित सेवा में हों; **या**

(iii) उप मुख्य अभियंता के पद पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल 13 के ग्रेड (1,23,100 रुपए -2,15,900 रुपए) में तीन वर्षों की नियमित सेवा में हों, **और**

(iv) अधीक्षण अभियंता के पद पर वेतन मैट्रिक्स के लेवल 12 के ग्रेड (78,800 रुपए -2,09,200 रुपए) में आठ वर्षों की नियमित सेवा में हों, **और**

निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं और अनुभव हो, नामतः :

i. मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री, **और**

ii. जल संसाधन परियोजनाओं या प्रबंधन और सामान्य प्रशासन में विशेषज्ञता के साथ सिविल इंजीनियरिंग कार्यों में 15 वर्षों का अनुभव.

टिप्पणी : फीडर ग्रेड में ऐसे विभागीय अधिकारी जो प्रोन्नति की डायरेक्ट लाइन में हैं, प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) आधार पर नियुक्ति पर विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे. इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति अधिकारी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति पर विचार किए जाने के लिए भी पात्र नहीं होंगे.

किसी भी अधिकारी को चयन के पश्चात आवेदन वापस लेने अथवा कार्यभार ग्रहण करने से इंकार करने की अनुमति नहीं होगी और यह प्रायोजित करने वाले प्राधिकरण की जिम्मेदारी होगी कि वह चयनित अधिकारी को नियुक्ति आदेश जारी किए जाने के एक माह के अंदर कार्यमुक्त करे.

10. आयु : प्रतिनियुक्ति पर (अल्पकालीन संविदा सहित) नियुक्त किए जाने की अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त होने की निर्धारित अंतिम तारीख पर छप्पन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

अनुलग्नक-2

जीवन-वृत्त प्रपत्र

1. नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) :
टेलीफोन नंबर :
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)
3. केन्द्र सरकार नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तारीख :
4. शैक्षणिक अर्हताएं :
5. क्या इस पद के लिए अपेक्षित शैक्षणिक तथा अन्य अर्हताएं रखते हैं. (यदि किसी अर्हता को नियमों में निर्धारित किसी योग्यता के समतुल्य माना गया है तो इसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें)

अपेक्षित अर्हताएं/अनुभव	अधिकारी की अर्हताएं/अनुभव
अनिवार्य	
वांछित	

6. कृपया स्वयं द्वारा की गई प्रविष्टियों के संदर्भ में स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि क्या आप पद की अपेक्षा पूरी करते हैं.

16.	**क. अतिरिक्त सूचना,** यदि कोई हो, जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लिखित करना चाहते हों. (इसमें अन्य बातों के साथ-साथ **(i)** अतिरिक्त शैक्षणिक अर्हताएं ; (ii) पेशेवर प्रशिक्षण और ; (iii) रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक अनुभव के संबंध में सूचना दी जाए) **(टिप्पणी : यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से शीट संलग्न करें)**
16.	**ख. उपलब्धियां :** अभ्यर्थियों से निम्न के संबंध में सूचना देने का अनुरोध किया जाता है : **(i)** शोध प्रकाशन और रिपोर्टें तथा विशेष परियोजनाएं **(ii)** पुरस्कार/छात्रवृत्ति/अधिकारिक प्रशंसा **(iii)** पेशेवर निकायों/संस्थाओं/सोसाइटियों के साथ संबद्धता और **(iv)** स्वयं के नाम पर पंजीकृत अथवा संगठन के लिए प्राप्त किए गए पेटेंट **(v)** आधिकारिक मान्यताप्राप्त अनुसंधान/नूतन उपाय **(vi)** कोई अन्य सूचना **(टिप्पणी : यदि स्थान अपर्याप्त हो तो अलग से शीट संलग्न करें)**
17.	कृपया बताएं कि क्या आप प्रतिनियुक्ति (आईएसटीसी)/आमेलन/पुनर्नियुक्ति आधार के लिए आवेदन कर रहे हैं. # (केंद्र/राज्य सरकार के अधिकारी केवल "आमेलन" के लिए पात्र हैं. गैर-सरकारी संगठनों के अभ्यर्थी केवल अल्पकालीन संविदा के लिए पात्र हैं)

('एसटीसी'/'आमेलन'/'पुनर्नियुक्ति ' के विकल्प तभी उपलब्ध होंगे, यदि रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया जाए कि भर्ती ''एसटीसी'' अथवा ''आमेलन'' अथवा ''पुनर्नियुक्ति'' द्वारा की जाएगी.

18.	क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं.

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं इस बात से भली-भांति अवगत हूं पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के संबंध में मेरे द्वारा दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत जीवनवृत्त का भी आकलन किया जाएगा. मेरे द्वारा दी गयी सूचना/ब्यौरा मेरी जानकारी के अनुसार सही तथा सत्य है और मेरे चयन से संबंधित कोई महत्वपूर्ण तथ्य छिपाया नहीं गया है.

दिनांक : .....

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

पता : .....

नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र

अभ्यर्थी द्वारा उपर्युक्त आवेदन में दी गयी सूचना/ब्यौरा रिकॉर्ड में दिए गए तथ्यों के अनुसार सत्य एवं सही है. उनके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव है. इनका चयन होने पर इन्हें अविलंब कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

(शेष पृष्ठ 13 पर)

शिक्षा मंत्रालय

(भारत सरकार)

योजना एवं वास्तुकला विद्यालय (एसपीए), विजयवाड़ा के लिए निदेशक की आवश्यकता है

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक राष्ट्रीय महत्व के संस्थान योजना एवं वास्तुकला विद्यालय, विजयवाड़ा (आंध्र प्रदेश) में रु. 75000/- तथा विशेष वेतन रु. 5000/- (संशोधन पूर्व) तथा विद्यालय के नियमों के अंतर्गत देय अन्य भत्तों (संशोधित रु. 2,10,000/-) में 5 वर्षों की अवधि के लिए संविदा आधार पर निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए 65 वर्ष से कम आयु के उपयुक्त उम्मीदवारों से आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं. सादे कागज पर निर्धारित प्रारूप में पूर्ण पाठ्य-वृत्त तथा शैक्षिक एवं व्यावसायिक योग्यता और अनुभव के पूर्ण विवरण के साथ टाइप किए हुए आवेदनपत्र रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा **अवर सचिव (टीएस-VI), उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, कमरा नं.-523 'सी' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001** को भेजें, जो रोजगार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज में इस विज्ञापन के प्रकाशन के **6 सप्ताह के अंदर** पहुंच जाने चाहिएं. सरकारी विभागों, स्वायत संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवार अपने आवेदनपत्र उचित माध्यम से भेजें. आवेदन प्रारूप सहित पूर्ण विवरण **www.mhrd.gov.in** और **www.spav.ac.in** पर उपलब्ध है.

रो.स. 5/24

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

टेक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली-110016

प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक संविदा सहित) के आधार पर एटलस और थियमैटिक मानचित्रण संगठन (नेटमो) में निदेशक के 1 पद को भरने के लिए दिनांक 20-26 फरवरी, 2021 को रोजगार समाचार पत्रिका में प्रकाशित विज्ञापन सं. रो.स. 41/31 के संबंध में.

महत्वपूर्ण सूचना

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **तीस (30) दिन (05.30 अपराह्न)** तक बढ़ा दी गई है. अन्य निबंधन एवं शर्तें अपरिवर्तित हैं. अभ्यर्थी, जिन्होंने पहले ही आवेदन कर दिया है, को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है.

आवेदन के प्रपत्र एवं अर्हता, अनुभव, उम्र सीमा और अन्य अपेक्षाओं, आदि के ब्यौरे के लिए हमारी वेबसाइट **https://dst.gov.in/whatsnew/announcement** देखें.

(अनीता धादरा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 011-26510828

डीएवीपी 36101/11/0002/2122 रो.स. 5/35

(पृष्ठ 12 का शेष)

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :

(i) श्री/श्रीमती.....के विरुद्ध कोई सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है/चलाए जाने पर विचार नहीं किया जा रहा है.

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित की जाती है.

(iii) उनके सीआर डोजियर की मूल प्रति संलग्न है/उनकी पिछले पांच वर्षों की एसीआर की भारत सरकार के अवर सचिव अथवा उससे ऊपर की श्रेणी के अधिकारी द्वारा यथा सत्यापित छायाप्रतियां संलग्न हैं.

(iv) पिछले 10 वर्ष के दौरान उन पर कोई बड़ी/छोटी शास्ति नहीं लगाई गयी है अथवा पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर बड़े/छोटे जुर्माने नहीं लगाए गए हैं. (जैसा भी मामला हो)

प्रतिहस्ताक्षर .....

रो.स. 5/10 (नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण की मुहर के साथ)

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
आयकर विभाग/INCOME TAX DEPARTMENT

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, केरल

OFFICE OF THE PR. CHIEF COMMISSIONER OF INCOME TAX, KERALA

केन्द्रीय राजस्व भवन, आईएस प्रेस रोड, कोच्ची-682018
Central Revenue Building, I.S.Press Road, Kochi-682018
फोन नं. : 0484-2795512, फैक्स: 0484-2396288
Ph. No. : 0484-2795512, Fax-0484-2396288

एफ. सं. 13/ईएसटीटी/7/सीसी-सीएचएन/2020-21 तिथि: 15.03.2021

मेमो

प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा आयकर विभाग, केरल में नीचे दिए अनुसार वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं:

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स	पदों की संख्या	स्टेशन वार रिक्तियां	पद का वर्गीकरण
1.	**वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी**	(पीएल-7, रुपये 44900-142400) (पूर्व वेतनमान पीबी-2 रुपये 9300-34800 + जीपी रुपये 4600)	3	कोच्चि-1 तिरुवनंतपुरम-1 कोझिकोड-1	सामान्य केन्द्रीय सेवा ग्रुप-ख अराजपत्रित/ अलिपिकवर्गीय पद

1. वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के लिए उन उम्मीदवारों से उचित माध्यम से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित हैं जो निम्नलिखित मानदंड के धारक हैं:

केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित राज्य के अधिकारी/पदधारी जो:

क. (i) मूल काडर या विभाग में नियमित आधार पर समदृश पद धारण किए हुए हों; **या**

(ii) मूल काडर या विभाग में वेतन बैंड-2, रुपये 9300-34800 और ग्रेड वेतन रुपये 4200 में नियमित आधार पर पदों में नियुक्ति के बाद प्रदत्त ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा या समकक्ष; और

ख. नीचे दिए गए शैक्षिक और अन्य योग्यताएं धारक हों:

शैक्षिक योग्यता:

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी या अंग्रेजी में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर मुख्य विषय के रूप में अंग्रेजी या हिन्दी. **या**

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ डिग्री स्तर पर अनिवार्य विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ अनुदेश और परीक्षा के माध्यम के रूप में हिन्दी. **या**

मुख्य विषय के रूप में हिन्दी और अंग्रेजी या दोनों में से कोई एक भाषा परीक्षा का माध्यम और दूसरी भाषा मुख्य विषय के साथ स्नातक की डिग्री + हिन्दी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद में मान्यताप्राप्त डिप्लोमा/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम या भारत सरकार के उपक्रम सहित केन्द्र/राज्य सरकारी कार्यालयों में हिन्दी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद का दो वर्ष का अनुभव.

2. उक्त विनिर्दिष्ट अनुसार अपेक्षित सेवा/योग्यता रखने वाले पात्र उम्मीदवार अपने आत्मवृत्त (संलग्न प्रारूप) उचित माध्यम से भेजें जो आयकर अतिरिक्त आयुक्त (एचक्यू एंड टीपीएस), **प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, केरल, सी.आर.बिल्डिंग, आई.एस.प्रेस रोड, कोच्चि 682018 के पास रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के अंदर पहुंच जाने चाहिएं.** यदि इस कार्यालय द्वारा कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो यह मान लिया जाएगा कि कथित पद के लिए कोई भी पात्र/इच्छुक पदधारी नहीं है. संबंधित कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष द्वारा आत्मवृत्त अग्रेषित करते समय यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उम्मीदवारों के विवरण को सत्यापित और प्रमाणित किया गया है और वे विशिष्ट पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं.

3. केन्द्र सरकार के उसी या अन्य किसी संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले अन्य किसी बाह्य काडर में धारित पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि को मिलाकर प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

4. फीडर श्रेणी में विभागीय पदधारी जो पदोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं वे प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति हेतु विचार के लिए पात्र नहीं हैं. उसी तरह, प्रतिनियुक्त पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार हेतु पात्र नहीं हैं.

5. आवेदन के साथ पिछले पांच वर्षों के लिए एपीएआर/एसीआर की सत्यापित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिएं. यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित पदधारी के खिलाफ कोई भी सतर्कता/अनुशासनिक कार्यवाही लंबित अथवा अवेक्षित नहीं है. यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त पदधारियों को किसी भी मामले में विभाग में समाहित नहीं किया जाएगा. चूंकि, यह वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पुराने आरआर के आधार पर किया गया है, यदि नए आरआर के प्रकाशन पर कोई भी परिवर्तन होता है तो नई प्रक्रिया को तदनुसार अपनाया जाएगा.

6. पद के लिए इच्छुक आवेदकों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी और केवल ऐसे आवेदनों पर विचार किया जाएगा जिन्हें कार्यालय द्वारा विधिवत अग्रेषित किया गया है और जिनके साथ एपीएआर और सतर्कता अनापत्ति संलग्न है.

आवेदन प्रारूप को आयकर विभाग की आधिकारिक वेबसाइट **www.incometaxindia.gov.in (परिशिष्ट-I)** से डाउनलोड किया जा सकता है.

(एयास अहमद एम)
आयकर अतिरिक्त आयुक्त (एचक्यू एंड टीपीएस)
प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, केरल

रो.स. 5/30

महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन

(शिक्षा मंत्रालय, भारत शासन का स्वायत्तशासी संस्थान)
वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, उज्जैन-456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain

(An Autonomous Organization under the Ministry of Education, Govt of India)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, Ujjain- 456006
Tele : 0734-2502266, 2502254, 2502255, Fax : 0734- 2502266
E-mail : msrvvpujn@gmail.com, Website : msrvvp.ac.in

कार्यक्रम अधिकारी पद के लिये भर्ती

महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के स्वायत्तशासी संस्थान में प्रतिनियुक्ति के आधार पर **कार्यक्रम अधिकारी के एक पद** (पे लेवल - 10 सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार) की भर्ती के लिये योग्य उम्मीदवार से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं.

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में जारी विज्ञापन की तिथि से 45 दिनों की होगी.

योग्यता विवरण, आवेदन प्रपत्र आदि से संबंधित जानकारी के लिये कृपया प्रतिष्ठान की वेबसाइट **www.msrvvp.ac.in** देखें.

सचिव, मसारावेविप्र, उज्जैन

डीएवीपी 21340/11/0001/2122 रो.स. 5/34

भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

मुख्यालय, गोवा नौसेना क्षेत्र, वास्को-डा-गामा, गोवा द्वारा विज्ञापित समूह सी सिविलियन मोटर चालक रिक्तियों के संबंध में भर्ती परिणाम (5 वीं चयन सूची)

1. 13-19 मार्च, 2021 रोजगार समाचार में प्रकाशित भर्ती परिणाम के आगे.

2. क्रमांक संख्या 180087 के उम्मीदवार की अनिच्छा प्राप्त होने के बाद यूआर उम्मीदवारों के लिए संशोधित चयन सूची और आरक्षित सूची इस प्रकार है: -

क्रमांक	सीट संख्या	नाम (श्री)	वर्ग	जन्म तिथि	प्राप्त अंक	टिप्पणी
ए)	181213	सतीश	यूआर (विभाग)	08 जुलाई 1990	60	चयनित
बी)	180572	देवेंद्र के चनेजा	यूआर	25 मार्च 1995	60	यूआर श्रेणी में प्रतीक्षा सूची -1
सी)	180609	नवनतिन बी सनाप	यूआर	01 जुलाई 1996	60	यूआर श्रेणी में प्रतीक्षा सूची -2

सूचना : ई-रोज़गार समाचार 16 मई में प्रकाशित 1, 2 और 3 प्रासंगिक है.

डीएवीपी 10702/11/0003/2122 रो.स. 5/12

कार्यालय प्रधान महालेखाकार

(लेखा परीक्षा)

हरियाणा, चंडीगढ़

स्टाफ कार ड्राइवर के पद भरने के लिए रोज़गार सूचना

1. 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स लेवल-2 (19900-63200) ग्रेड वेतन रु. 1900 में प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर **स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण ग्रेड)** के पदों को भरने के लिए ए-4 आकार के सादे कागज पर नीचे दिए गए प्रपत्र में आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं:

i) आईएएंडएडी के समान कार्यालयों में सेवारत कार्मिक का प्रतिनियुक्ति /आमेलन.

ii) भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के अन्य कार्यालयों अथवा केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों में नियमित आधार पर डिस्पैच राइडर का पद धारण करने वाले कर्मचारी अथवा आईएएंडएडी के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में जहां **स्टाफ कार ड्राइवर (साधारण ग्रेड)** का पद भरा जाना है, वेतन बैंड 1, रु. 5200-20200 ग्रेड वेतन रु. 1800 में नियमित समूह 'ग' कर्मचारी.

iii) प्रतिनियुक्ति/पुनः रोज़गार के लिए सशस्त्र सेना कार्मिक:

सशस्त्र सेना कार्मिक जो कि एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं अथवा आरक्षित के लिए स्थानांतरित किए जाने वाले हैं तथा नीचे निर्धारित अपेक्षित अनुभव और अर्हताएं रखते हैं, पर विचार किया जाएगा. ऐसे व्यक्तियों को उस तिथि तक प्रतिनियुक्ति की शर्तों पर रखा जाएगा जिस तिथि को वे सशस्त्र सेनाओं से कार्यमुक्त होने वाले हैं, इसके पश्चात वे पुनःरोज़गार पर जारी रखे जा सकते हैं.

टिप्पणी: प्रतिनियुक्ति की अवधि इस नियुक्ति से ठीक पहले इसी अथवा केंद्रीय सरकार के अन्य संगठन या विभाग में धारित अन्य निःसंवर्ग पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित साधारणतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति से नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की बंद होने की तिथि को **56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.**

सामान्य शर्तें/अर्हताएं:

क) मोटर कार के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखते हों.

ख) मोटर यंत्रीकरण का ज्ञान (अभ्यर्थी वाहनों में छोटे-मोटे दोष दूर करने में योग्य होने चाहिए).

ग) कम से कम तीन वर्षों के लिए मोटर कार चलाने का अनुभव, **और**

घ) मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन.

ङ) आयु सीमा 18-25 वर्ष (केंद्रीय सरकार से जारी अनुदेशों या आदेशों के अनुरूप सरकारी कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष की आयु तक शिथिलनीय).

च) यातायात नियमों से पूरी तरह परिचित होने चाहिए.

छ) अंग्रेज़ी और हिंदी अथवा क्षेत्र की क्षेत्रीय भाषा पढ़ने की योग्यता रखते हों.

ज) उसे मोटर कार चलाने की सक्षमता के मूल्यांकन के लिए ड्राइविंग परीक्षा से गुजरना होगा. परीक्षा इस कार्यालय द्वारा नामित एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी और इसे उत्तीर्ण करना अनिवार्य है.

2. निर्धारित प्रपत्र में आवेदन-पत्र **वरि. लेखा परीक्षा अधिकारी (प्रशासन-1), कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा परीक्षा), हरियाणा, प्लॉट नं. 3-4, सेक्टर 33 बी, दक्षिण मार्ग, चंडीगढ़ को भेजे जाने चाहिएं जो कि विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से हर हाल में एक माह के भीतर पहुंच जाने चाहिएं,** जिसके उपरांत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.

शर्तें एवं निबंधन:

1. कौशल परीक्षा या शारीरिक परीक्षा की तिथि और समय के बारे में व्यक्तिशः सूचित किया जाएगा. किसी यात्रा भत्ते/दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा.
2. प्रभाव डालने की कोशिश करने वाले उम्मीदवार अयोग्य हो जाएंगे.
3. आवेदन-पत्र कागज का एक तरफ से प्रयोग करते हुए केवल अंग्रेज़ी/हिंदी में लिखा जाना चाहिए.
4. सरकार में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए.
5. आयु में अजा/अजजा/अपिव और भूतपूर्व सैनिकों को समय-समय पर जारी भारत सरकार के अनुदेशों/नियमों के अनुरूप छूट प्रदान की जाएगी.
6. अपूर्ण आवेदनों को सरसरी तौर पर ही नामंजूर कर दिया जाएगा.
7. कोई भी तथ्यात्मक जानकारी छिपाए जाने से आवेदन-पत्र नामंजूर कर दिया जाएगा.
8. यह कार्यालय किसी भी डाक देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
9. उम्मीदवारों को निम्नलिखित वचन-पत्र देना होगा:-

"मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं/करती हूं कि उपर्युक्त आवेदन-पत्र में मेरे द्वारा दिए गए तथ्य और सबूत मेरी अच्छी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही, पूर्ण और सत्य हैं. दिए गए विवरण में किसी भी चरण में कोई गलत बयानी/त्रुटि पाए जाने पर मेरी उम्मीदवारी/सेवा और सूचना के निरस्त/समाप्त कर दी जाएगी.

उप महा लेखाकार (प्रशा.)

जीवनवृत्त का प्रपत्र

.....पद के लिए आवेदन-पत्र

नाम (साफ अक्षरों में पूर्ण नाम):.....

पिता का नाम:.....

जन्म तिथि (ईस्वी सन् में):.....

आयु (.....को):.....

हस्ताक्षरित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

वर्तमान कार्यालय/मंत्रालय का नाम:.....

सरकारी सेवा में आने की तिथि:.....

7वें के. वे. आ. के वेतन लेवल में मूल वेतन:.....

केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार के नियमों के अधीन सेवानिवृत्ति की तिथि: .....

श्रेणी, जिससे संबंधित हैं*:.....

वैवाहिक स्थिति:.....

स्थाई पता:.....

पत्राचार के लिए पता: .....

राष्ट्रीयता:.....

शैक्षणिक अर्हता*:.....

अतिरिक्त अर्हता:.....

ई-मेल आईडी:.....

क्या मोटर कार चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखते हैं*:.....

*समर्थन में प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें

स्थान : ..... **आवेदक के हस्ताक्षर**

तिथि : ..... **रो.स. 5/44**

भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

विज्ञापन सं. डीएसटी/01/2020- स्था. III

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग में **मिशन निदेशक,** राष्ट्रीय अंतर-विषयक साइबर भौतिकी प्रणाली मिशन (एनएम-आईसीपीएस) के एक पद अननुसूचिवीय, राजपत्रित, समूह 'क', को प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) आधार पर निम्नानुसार भरे जाने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :-

1. **पद का नाम : मिशन निदेशक**
2. **वर्गीकरण :** समूह 'क', राजपत्रित, अननुसूचिवीय
3. **वेतन मैट्रिक्स में स्तर :** स्तर -14, (रु. 1,44,200-2,18,200/-)
4. **भर्ती की पद्धति :** प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित)
5. **प्रतिनियुक्ति की अवधि :** पांच वर्ष या मिशन पूरा होने तक जो भी पहले हो.
6. **आयु : आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को अधिकतम 58 वर्ष.**
7. **पात्रता :**

केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार,संघ राज्य क्षेत्र, स्वायत्त या सांविधिक संगठन, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम, विश्वविद्यालय या मान्यताप्राप्त शोध संस्थान के अधिकारी :-

(क) (i) जो मूल काडर या विभाग में अनुरूप पद पर सेवारत हों, अथवा

(ii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 क (रु. 131100-216600) या समतुल्य में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के बाद मूल संवर्ग अथवा विभाग में दो वर्ष की सेवा प्रदान की हो; **अथवा**

(iii) जिन्होंने वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13 (रु. 123100-215900) या समतुल्य में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के बाद मूल संवर्ग अथवा विभाग में तीन वर्ष की सेवा प्रदान की हो; **और**

(ख) जो नीचे विहित शैक्षिक अर्हता और अनुभव रखते हों :-

अनिवार्य :

(i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से प्राकृतिक अथवा कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट डिग्री या अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी अथवा मेडिसिन में निष्णात डिग्री.

(ii) औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों अथवा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संगठनों में अनुसंधान तथा विकास में अथवा वैज्ञानिक कार्यकलापों एवं सेवाओं में पंद्रह वर्षों का अनुभव जिसमें से कम से कम सात वर्षों का अनुभव संगठन के प्रशासन, आयोजना, विकास तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों के समन्वय के क्षेत्र में आवश्यक होगा.

(iii) विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम तैयार करने, उसके प्रबंधन करने तथा निर्देशन करने का अनुभव, **और**

(iv) प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित अनुसंधान कार्य.

वांछनीय :

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय अथवा संस्थान से अभियांत्रिकी अथवा प्रौद्योगिकी या चिकित्सा में डॉक्टरेट की डिग्री अथवा किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या शोध संस्थान के प्रमाणन द्वारा प्रमाणित प्राकृतिक या कृषि विज्ञान में पोस्ट डॉक्टरेट की डिग्री और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य का प्रकाशन.

टिप्पणी 1: अनिवार्य अर्हता प्राप्त करने में व्यतीत अवधि को अनुभव में नहीं जोड़ा जाएगा और न्यूनतम अनिवार्य अर्हता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना अपेक्षित है. तथापि, किसी विश्वविद्यालय या अनुसंधान संस्थान में पोस्ट डॉक्टरल अनुसंधान में व्यतीत अवधि को जिसे उक्त विश्वविद्यालय या संस्थान द्वारा प्रमाणन से साक्ष्यांकित किया गया हो, और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में अनुसंधान कार्य के प्रकाशन को अधिकतम दो वर्षों की अवधि के अध्यधीन अनुभव में जोड़ा जाएगा.

टिप्पणी 2: इस नियुक्ति से ठीक पूर्व केंद्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन या विभाग में धारित किसी संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित इस प्रतिनियुक्ति की अवधि साधारणतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी.

पात्र अभ्यर्थियों द्वारा वैध ई-मेल आईडी का प्रयोग करते हुए ऑनलाइन पोर्टल **https://recruitment.dst.gov.in/** के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जाना अपेक्षित है. आवेदन हेतु यह ऑनलाइन पोर्टल एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से **30 दिनों की अवधि** के लिए उपलब्ध रहेगा. पिछले पांच वर्षों की एसीआर/एपीएआर की सत्यापित प्रतियों के साथ अभ्यर्थी द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित यह आवेदन उपयुक्त माध्यम से इस प्रकार अग्रेषित किया जाए कि **यह पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा इस विभाग को ऑनलाइन पोर्टल के बंद होने की अंतिम तारीख से 15 दिनों (दूरस्थ क्षेत्रों के लिए 30 दिन) के भीतर प्राप्त हो जाए.**

आवेदन प्रपत्र और अन्य सामान्य निबंधनों एवं अपेक्षाओं के लिए हमारी वेबसाइट www.dst.gov.in देखें. चयन प्रक्रिया के बारे में कोई और अपडेट केवल वेबसाइट के माध्यम से ही सूचित किया जाएगा. इसलिए, उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है.

(जे. शिवरामकृष्णन)

अवर सचिव, भारत सरकार

डीएवीपी 36101/11/0004/2122 **रो.स. 5/28**

मिसिल संख्या-ए-12011/03/2018-डीजीसीडी (एफ)

भारत सरकार (Government of India)

गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affairs)

महानिदेशालय-अग्निशमन सेवा नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक

Directorate General Fire Service Civil Defence & Home Guards

अग्नि अनुभाग (Fire Cell)

शुद्धिपत्र

विषय: राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा कॉलेज, नागपुर में सह-प्रोफेसर के दो पदों को भरना.

रोज़गार समाचार तिथि 07-13 दिसम्बर, 2019 (ईएन 36/25) में सह-प्रोफेसर ग्रुप 'क', राजपत्रित, अलिपिकवर्गीय वेतन बैंड-4 (रुपये 37400-67000/-) के साथ अकादमिक ग्रेड वेतन रुपये 9000 + स्वीकार्य अनुसार सामान्य भत्ते के संदर्भ में यह सूचित किया जाता है कि पूर्व विज्ञापन में निम्नलिखित संशोधन पर विचार किया जाए:

(i) पैरा 2: पद का मान वेतन बैंड-4 (रुपये 37400-67000) के साथ अकादमिक ग्रेड वेतन रुपये 9000. इसलिए "अकादमिक" शब्द पर ग्रेड वेतन से पहले विचार किया जाए.

(ii) पैरा 3, ख (ii)- अनुसंधान डिग्री प्राप्त करने में बीते समय को छोड़कर लेक्चरार या समकक्ष ग्रेड के स्तर पर पढ़ाने, अनुसंधान या उद्योग में आठ वर्ष का अनुभव. इसलिए "प्रशिक्षण" को उपयुक्त नहीं माना जाए.

(iii) पैरा 3 नोट 2: प्रतिनियुक्ति की अवधि उल्लिखित अनुसार 03 वर्ष के स्थान पर 05 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

2. आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21वां दिन होगी.** आवेदकों को निर्धारित प्रारूप में अपने आत्मवृत्त के साथ अपेक्षित प्रमाणपत्र और आवश्यक दस्तावेज रोज़गार समाचार 07-13 दिसम्बर 2019 में उल्लिखित अनुसार उचित माध्यम से अग्रेषित करें.

रो.स. 5/7 **महानिदेशक अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा और गृह रक्षक**

सं. ए-12026/9/2020-स्था. IV
भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, नर्मदा जल विवाद अधिकरण के निर्णय और निदेश के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के प्रयोजन से अंतरराज्य जल विवाद अधिनियम, 1956 की धारा 6क द्वारा सौंपी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार द्वारा स्थापित किया गया एक निगमित निकाय है. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण का मुख्यालय इंदौर, मध्य प्रदेश में है.

2. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, इंदौर में वेतन मैट्रिक्स स्तर-15 (182200-224100 रुपए) में प्रतिनियुक्ति आधार (अल्पकालीन संविदा सहित) पर **कार्यकारी सदस्य** के एक पद को भरने के लिए पात्र और उपयुक्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

3. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण, (एनसीए) में कार्यकारी सदस्य के पद को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन संविदा सहित) के आधार पर भरने हेतु दिनांक 2-8 जनवरी; 20-26 फरवरी और 13-19 मार्च, 2021 के रोज़गार समाचार में पहले प्रकाशित, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख एतद्द्वारा 27.05.2021 तक आगे बढ़ाई जाती है.

4. पद का विवरण, पात्रता शर्तें इत्यादि **mowr.gov.in; dopt.gov.in** और **nca.gov.in** पर उपलब्ध हैं. उपयुक्त और पात्र अधिकारियों, जिन्हें चयन होने की स्थिति में अविलंब कार्यमुक्त किया जा सकता है, के सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन (तीन प्रतियों में) **अवर सचिव (स्थापना-IV), जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, कमरा सं. 435, श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली -110001 और ई-मेल द्वारा usbm-mowr@nic.in एवं soe4-mowr@gov.in** को उचित माध्यम से भेजे जाएं.

5. आवेदन की अग्रिम प्रतियों अथवा निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त अथवा अपेक्षित जानकारी/दस्तावेजों के बिना प्राप्त आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा.

(बी एच टी वैफेई)
अवर सचिव, भारत सरकार

रो.स. 5/23

फुटवियर डिज़ाइन और विकास संस्थान

(वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में राष्ट्रीय महत्व का एक संस्थान)
ए-10/ए, सेक्टर-24, नोएडा, उत्तर प्रदेश-201301

रिक्ति सूचना [पुनर्विज्ञापन]

सन्दर्भ : दिनांक 8 फरवरी 2020 से 14 फरवरी 2020, 6 जून से 12 जून 2020, 1 अगस्त से 7 अगस्त 2020 के रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन.

वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार फुटवियर डिज़ाइन और विकास संस्थान (एफडीडीआई), नोएडा में 5 वर्ष की कार्य अवधि तक सचिव के 01 (एक) पद हेतु केंद्र या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या स्वायत्त निकायों या संवैधानिक निकायों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों के पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है. इस पद हेतु वेतन का लेवल सातवें सीपीसी के अंतर्गत पे मैट्रिक्स के पे लेवल-13 (रु. 123100-215900/-) या समतुल्य होगा. भर्ती की पद्धति प्रतिनियुक्ति (अल्पकाल अनुबंध सहित) द्वारा होगी. केंद्र या राज्य सरकारों या संघ राज्य क्षेत्रों या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों या स्वायत्त निकायों या संवैधानिक निकायों या विश्वविद्यालयों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों द्वारा कार्यमुक्त किये जा सकने वाले इच्छुक और पात्र अधिकारियों के सभी तरीके से **पूर्ण वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट/ वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (पिछले 5 वर्षों) के साथ** आवेदनों के 4 (चार) सेट इस विभाग के पास निम्नांकित पते पर **उचित माध्यम से** अग्रेषित किये जा सकते हैं:

अवर सचिव
वाणिज्य विभाग
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
कमरा सं. 556-बी, उद्योग भवन, नई दिल्ली- 110011.

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि: रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन.

यह ध्यान दिया जा सके कि:

i. पहले प्रकाशित हो चुके विज्ञापन के संदर्भ में सचिव, एफडीडीआई के पद के लिए पूर्व में आवेदन (उचित माध्यम से) कर चुके उम्मीदवार पुनः आवेदन नहीं करें. उनकी उम्मीदवारी पर पद हेतु विचार किये जाने के लिए उनके मूल विभाग से प्राप्त एनओसी/ संवर्ग अनापत्ति के साथ आवेदन प्राप्त होने पर इस विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त किसी नये आवेदनों के साथ विचार किये जाएंगे.

ii. ऐसे उम्मीदवार जिनके संदर्भ में आवेदन पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में उचित माध्यम से प्राप्त नहीं किये गये होंगे, वे अपने आवेदन और इस पद हेतु विचार किये जाने के लिए अपने मूल विभाग से प्राप्त एनओसी/ संवर्ग अनापत्ति के साथ इस विज्ञापन के संदर्भ में पद के लिए उचित माध्यम से आवेदन कर सकते हैं.

भर्ती के नियमों, अर्हता/ अनुभव, नियमों एवं शर्तों, आवेदन-प्रारूप और कार्य प्रोफाइल आदि के साथ विस्तृत रिक्ति सूचना के लिए वाणिज्य विभाग की वेबसाइट (**www.commerce.gov.in**) या एफडीडीआई की वेबसाइट (**www.fddiindia.com**) या कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट (**https://dopt.gov.in**) देखें जा सकते हैं.

रो.स. 5/9

भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन
डीआरडीओ युवा वैज्ञानिक प्रयोगशाला- क्वांटम प्रौद्योगिकी
हॉल नंबर 1, ग्राउंड फ्लोर, विज्ञान उपकेंद्र, डीआईएटी परिसर, गिरिनगर
पुणे- 411025
ई-मेल: director@dysl-qt.drdo.in

Government of India
Ministry of Defence
Defence Research and Development Organisation
DRDO Young Scientists Lab-Quantum Technologies (DYSL-QT)
Hall No. 1, Ground Floor, Vigyan Upakendra, DIAT Campus, Girinagar, Pune-411025
e-mail: director@dysl-qt.drdo.in
Date: 01 April 2021

कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) के चयन के लिए विज्ञापन

1. डीआरडीओ **युवा वैज्ञानिक प्रयोगशाला-क्वांटम प्रौद्योगिकी,** क्वांटम प्रौद्योगिकियों जैसे कि क्वांटम कम्प्यूटिंग, क्वांटम कम्यूनिकेशन, क्वांटम सेंसिंग आदि के क्षेत्र में सघन अनुसंधान और विकास करने के लिए युवा वैज्ञानिकों का संगठन है. प्रयोगशाला प्रमुख संस्थानों जैसे कि आईआईटी, केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों और अन्य प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं से संबद्ध है. प्रयोगशाला कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) के पद के लिए अभिनव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए मज़बूत इच्छाशक्ति और नीचे वर्णित अर्हताएं रखने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है. आरंभ में अध्येतावृत्ति दो वर्ष की अवधि के लिए होगी (जिसे लागू नियमानुसार आगे दो वर्ष के लिए चढ़ाया जा सकता है). सक्षम प्राधिकारी पैनल सूची की घोषणा की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए मैरिट/विषय क्रम में वर्तमान और भविष्य में होने वाली रिक्तियों को भरने के लिए चयनित अभ्यर्थियों के एक पैनल का संचालन करेंगे.

क्रम सं.	अध्येतावृत्ति का शीर्षक	न्यूनतम पात्रता मानदंड	वांछनीय अर्हता	रिक्तियों की संख्या
1	जेआरएफ	अभ्यर्तशिप मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रानिक्स/टेली-कम्यूनिकेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. में बीई/बीटेक डिग्री साथ में सीएसआईआर-यूजीसी(नेट)/गेट अर्हता **(अथवा)** स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तर पर प्रथम श्रेणी में और दोनों अभ्यर्तशिप मान्यताप्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/टेली-कम्यूनिकेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी. में एमई/एम.टेक	क) कम्यूनिकेशन और डीएसपी अल्गोरिदम्स में दक्षता. ख) एम्बेडिड सिस्टम और एफपी-जीए आधारित डिज़ाइन में कार्य करने का ज्ञान रखते हों. ग) क्वांटम प्रौद्योगिकी से सुपरिचित हों.	01
2	जेआरएफ	अभ्यर्तशिप मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में भौतिकी में स्नातक डिग्री साथ में सीएसआईआर-यूजीसी(नेट)/गेट अर्हता (अथवा) स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तर पर प्रथम श्रेणी में और दोनों ही अभ्यर्तशिप मान्यताप्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से भौतिकी में मास्टर डिग्री	क) लेज़र्स, क्वांटम सिद्धांत, क्वांटम ऑप्टिक्स में दक्षता. ख) प्रायोगिक क्वांटम ऑप्टिक्स में कार्य करने का ज्ञान रखते हों. ग) क्वांटम प्रौद्योगिकियों-हाल की प्रगति, विकास और प्रौद्योगिकी रुझानों से सुपरिचित हों.	01

1. **ऊपरी आयु सीमा :** आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 28 वर्ष. ऊपरी आयु सीमा लागू सरकारी नियमानुसार अजा, अजजा और अपिव (एनसीएल) से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए शिथिलनीय होगी.
2. **परिलब्धियां :** रु. 31000/- प्रति माह वृत्तिका साथ में यथा लागू म.कि.भ.
3. विस्तृत विज्ञापन साथ में आवेदन प्रपत्र और अन्य नमूना प्रपत्र वेबसाइट: **www.drdo.gov.in (>What's New> Application for the post of JRF at DYSL-QT, Pune)** में उपलब्ध हैं. इच्छुक अभ्यर्थी ई-मेल: **director@dysl-qt.drdo.in** के जरिए भी आवेदन प्रपत्र और अन्य विवरण प्राप्त कर सकते हैं.
4. विधिवत भरा हुआ आवेदन-पत्र और शैक्षणिक अर्हताओं तथा अनुभव की स्वयं-सत्यापित प्रतियां नीचे वर्णित पते पर रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिनों के भीतर** पहुंच जाने चाहिए :-

निदेशक
डीआरडीओ युवा वैज्ञानिक प्रयोगशाला-क्वांटम प्रौद्योगिकी
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)
हॉल नंबर 1, ग्राउंड फ्लोर, विज्ञान उपकेंद्र, डीआईएटी परिसर, गिरिनगर,
पुणे-411025, महाराष्ट्र

जिस लिफाफे में आवेदन पत्र प्रेषित करें उस पर बाईं तरफ कोने में "**जेआरएफ के लिए आवेदन-पत्र**" लिखा जाना चाहिए. इसके अलावा वे आवेदन - पत्र की एक सॉफ्ट प्रति **director@dysl-qt.drdo.in** पर भेज सकते हैं.

5. चयन की पद्धति साक्षात्कार होगी. साक्षात्कार की तिथि, समय, स्थान और पद्धति के बारे में अल्पसूचीबद्ध अभ्यर्थियों को डाक और ई-मेल के जरिए सूचित किया जाएगा.
6. सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थियों को उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए. उन्हें इस संबंध में एक हस्ताक्षरित घोषणा (अनुलग्नक "II") प्रस्तुत करना अपेक्षित है कि उन्होंने डीआरडीओ में अध्येतावृत्ति के लिए अपने आवेदन-पत्र के बारे में अपने संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी (सीसीए) को सूचित कर दिया है और साक्षात्कार के समय परिशिष्ट "III" के अनुरूप अपने संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी से "**अनापत्ति प्रमाण-पत्र**" प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा.
7. अध्येतावृत्ति का प्रस्ताव लागू नियमानुसार एक सीमित अवधि के लिए पूरी तरह अस्थाई प्रकृति का है और डीआरडीओ में आमेलन के लिए कोई अधिकार नहीं होता है.
8. जिन्हें किसी भी डीआरडीओ प्रयोगशाला/केंद्र में पहले ही जेआरएफ पद प्रदान किया जा चुका है, वे पुनः आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं.
9. अभ्यर्थी के लिए आवेदन प्रपत्र के साथ विश्वविद्यालय/संस्थान से सीजीपीए से प्रतिशतता कन्वर्जन फार्मूला के लिए प्रमाण संलग्न करना आवश्यक है.

कृते निदेशक, डीबाईएसएल-क्यूटी, पुणे

डीएवीपी 10301/11/0006/2122

रो.स. 5/11

भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

सीसीएस राष्ट्रीय कृषि विपणन संस्थान (नियाम), जयपुर, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के अंतर्गत स्वायत्त संस्थान के **महानिदेशक (डीजी)** के पद जोकि गैर-केंद्रीय स्टाफिंग स्कीम, वेतन मैट्रिक्स के स्तर-14 (144200-218200 रुपये) के तहत है, को सर्च-एवं-सलेक्शन प्रक्रिया के माध्यम से, प्रतिनियुक्ति के आधार पर 3 वर्ष की अवधि के लिए जिसको 5 वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, चयन होने पर तत्काल नियुक्ति हेतु भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

इस रिक्ति की सारी जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट "**www.agricoop.nic.in**" एवं सीसीएस नियाम की वेबसाइट **www.ccsniam.gov.in** पर उपलब्ध है. किसी भी जानकारी के लिए कृपया 011-23389891 पर संपर्क करें.

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि Employment News/रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के अंदर है.

रो.स. 5/4

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)

भारत सरकार/Government of India

विज्ञापन सं. 05/2021

सं.:-एम्स/देवघर/प्रशा./भर्ती/प्रतिनियुक्ति-फेज-V/2021/07 दिनांक:-08/03/2021

प्रतिनियुक्ति आधार पर गैर संकाय पदों के लिए रिक्ति सूचना

एम्स देवघर प्रतिनियुक्ति आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित करता है:-

क्र. सं.	पद का नाम	समूह	वेतनमान	पद की सं.
1	चिकित्सा अधीक्षक	क	7वें कें.वे.आ. के अनुसार स्तर-14 (144200-218200 + एनपीए)	01
2	वित्तीय सलाहकार	क	7वें कें.वे.आ. के अनुसार स्तर-13 (123100-215900)	01
3	अधीक्षण इंजीनियर	क	7वें कें.वे.आ. के अनुसार स्तर-13 (123100-215900)	01
4	कार्यपालक इंजीनियर (सिविल)	क	7वें कें.वे.आ. के अनुसार स्तर-11 (67700-208700)	01
5	पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-1	ख	7वें कें.वे.आ. के अनुसार स्तर-7 (44900-142400)	01

आवेदन पत्र, पात्रता मानदंड, वांछनीय योग्यता/अनुभव और संबंधित ब्यौरे के लिए कृपया **www.aiimsdeoghar.edu.in/www.pmssy-mohfw.nic.in** देखें. सीआर, सतर्कता अनापत्ति, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र आदि के साथ सभी दृष्टि से पूर्ण आवेदन उचित माध्यम से उपनिदेशक (प्रशासन), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर, पीटीआई, डाबर ग्राम, जसीडीह 814142, झारखंड को भेजा जाएं. एम्स देवघर में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन होगी.

कार्यपालक निदेशक, एम्स देवघर

डीएवीपी 17183/11/0001/2122 रो.स. 5/43

रक्षा सेवा स्टाफ महाविद्यालय (डीएसएससी)

विलिंग्टन (नीलगिरीज)-643231, तमिलनाडु

रक्षा सेवा स्टाफ महाविद्यालय, विलिंग्टन निम्नलिखित पदों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

क्र. सं.	श्रेणी	रिक्तियों की संख्या (बदल सकती है)						वेतन मैट्रिक्स (7वां कें.वे.आ.)	आयु
		कुल	अना-	अ-पिब	अ-जा	अज-जा	ईडब्ल्यूएस		
1.	स्टेनोग्राफर ग्रेड II	04	03	01	-	-	-	स्तर- 4 रु. 25500-81100/-	18-27 वर्ष
2.	अवर श्रेणी लिपिक (एलडीसी)	10*	04	04	-	01	01	स्तर- 2 रु. 19900-63200/-	18-27 वर्ष
3.	सिविलियन मोटर ड्राईवर (साधारण ग्रेड)	07@	04	03	-	-	-	स्तर- 2 रु. 19900-63200/-	18-27 वर्ष
4.	सुखानी	01	01	-	-	-	-	स्तर- 2 रु. 19900-63200/-	18-25 वर्ष
5.	कारपेंटर	01	-	01	-	-	-	स्तर- 2 रु. 19900-63200/-	18-25 वर्ष
6.	विविध कार्य कर्मचारी (एमटीएस)- कार्यालय एवं प्रशिक्षण	60#	25	21	07	02	05	स्तर- 1 रु. 18000-56900/-	18-25 वर्ष
	कुल	83							

*01 भूतपूर्व सैनिक (भूपूसै) के लिए चिह्नित

@ 01 भूतपूर्व सैनिक (भूपूसै) के लिए चिह्नित

#06 भूतपूर्व सैनिक (भूपूसै) के लिए चिह्नित और 06 विभिन्न योग्य अभ्यर्थियों (01 दृश्य विकलांग (वीएच), 02 श्रवण विकलांग (एचएच), 02 अस्थि विकलांग (ओएच) और 01 अट्विज्य, बौद्धिक नि:शक्तता, मानसिक रोग, विविध नि:शक्तता) के लिए चिह्नित

नोट:-

1. शावि एवं भूपूसै के लिए आरक्षित पदों को अना/अपिब/अजा/अजजा श्रेणियों, जिससे ये संबंधित हैं, के मुकाबले समायोजित किया जाएगा.

2.यथा प्रयोज्य आयु में छूट केवल अपिब/अजा/अजजा/भूतपूर्व सैनिक/शावि के लिए आरक्षित पदों तक ही विस्तारित होगा.

3. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन है. अधिक ब्यौरे के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.dssc.gov.in** देखें. कमांडेंट को बिना कोई कारण बताए ऊपर उल्लिखित किसी पद के लिए विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार है.

कर्नल एड्जुटेंट

डीएसएससी, विलिंग्टन

डीएवीपी 10111/11/0001/2122 रो.स. 5/41

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद

राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला

पीबी संख्या. 1779, एचएएल एयरपोर्ट रोड, कोडिहल्ली, बेंगलुरू-560017, भारत

ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि : 16.4.2021

विज्ञापन संख्या 3/2021

21 मई 2021 से पहले ऑनलाइन आवेदन करें

(वेबसाइट: www.nal.res.in)

राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (एनएएल) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के अंतर्गत प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला है. सीएसआईआर-एनएएल को प्रयोगशाला में अनुसंधान और विकास, प्रौद्योगिकी विकास के मौजूदा कार्य तथा उससे जुड़े अनुप्रयोगों के लिए मेधावी और प्रेरित **तकनीकी सहायक, तकनीकी अधिकारी, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी और सुरक्षा अधिकारी** की तलाश है. सीएसआईआर-एनएएल निम्नलिखित पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया कर रहा है.

I. तकनीकी सहायक-19 पद: (एससी-1, एसटी-1, ओबीसी-6, पीडब्ल्यूडी-2 (वीएच-1 और एसएस-1), ईडब्ल्यूएस-1, अना-8).

1. **7वें सीपीसी के अनुसार वेतन लेवल:** 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स- में लेवल 6.

2. **न्यूनतम वेतन:** 35400/-

3. **कुल पारिश्रमिक** : 54000/- (अनुमानित) (न्यूनतम वेतन + डीए + एचआरए + टीए आदि)

4. **आयु सीमा** : 28 वर्ष

पात्रता हेतु न्यूनतम योग्यता: मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार/कंप्यूटर साइंस/बीसीए/इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल इंजीनियरिंग/ मैटेलर्जी/ मैटेलर्जिकल इंजीनियरिंग/ सिविल इंजीनियरिंग/ टेक्नोलॉजी में प्रथम श्रेणी में डिप्लोमा या कंप्यूटर साइंस में बी.एससी/ होटल मैनेजमेंट में कम से कम 3 वर्ष की पूर्णकालिक अवधि का डिप्लोमा या कोर्स में लेटरल प्रवेश के मामलों में कम से कम 2 साल की पूर्णकालिक अवधि का डिप्लोमा या इसके समकक्ष के साथ संबंधित क्षेत्र में 2 साल का अनुभव.

II. तकनीकी अधिकारी- 1 पद: (ईडब्ल्यूएस-1)

1. **7वें सीपीसी के अनुसार वेतन बैंड :** 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स में लेयल 7.

2. **वेतन बैंड में वेतन:** 44900/-

3. **कुल पारिश्रमिक** : 67000/- (अनुमानित) (न्यूनतम वेतन + डीए + एचआरए + टीए आदि).

4. **आयु सीमा** : 30 वर्ष

पात्रता हेतु न्यूनतम योग्यता: 55 प्रतिशत अंक के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग या समकक्ष में बी.ई./बी.टेक या समकक्ष.

III. वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी-1 (2 पद) : (ओबीसी-1, अना-1)

1. **7वें सीपीसी के अनुसार वेतन बैंड :** 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स में लेवल 10

2. **वेतन बैंड में वेतन :** 56100/-

3. **कुल पारिश्रमिक :** 87000/- (अनुमनित) (न्यूनतम वेतन +डीए+ एचआरए + टीए आदि)

4. **आयु सीमा :** 35 वर्ष

पात्रता हेतु न्यूनतम योग्यता: मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से 55 प्रतिशत अंक के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग/एयरोस्पेस या एयरोनॉटिकल में बी.ई/बी.टेक तथा विमानन उद्योग में विमान गुणवत्ता नियंत्रण, क्वालिटी एश्योरेंस, डिज़ाइन और विनिर्माण मानकों में 2 साल का अनुभव.

IV. वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी-2 (4 पद): (अना-4)

1. **7वें सीपीसी के अनुसार वेतन बैंड:** 7वें सीपीसी के वेतन मैट्रिक्स में लेवल 11

2. **वेतन बैंड में वेतन :** 67700/-

3. **कुल पारिश्रमिक :** 1,03,000/- (अनुमानित) (न्यूनतम वेतन + डीए+ एचआरए+ टीए आदि)

4. **आयु सीमा :** 40 वर्ष

पात्रता हेतु न्यूनतम योग्यता: मान्यताप्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से 55 प्रतिशत अंक के साथ मैकेनिकल इंजीनियरिंग/ उत्पादन/ औद्योगिक/ एयरोस्पेस/ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग/ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार/मटिरियल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक के साथ संबंधित क्षेत्र में 5 साल का अनुभव.

प्रत्येक पद हेतु योग्यताओं, अपेक्षित कार्यों, अनुभव, विषय और ट्रेड आदि के बारे में हमारी वेबसाइट: nal.res.in पर पूर्ण विज्ञापन को पढ़े.

नोट :

1) ऑनलाइन आवेदन पर केवल तभी विचार किया जाएगा जब उसके साथ आवेदन शुल्क, जहां भी मान्य हो, का भुगतान हो तथा प्रमाणपत्रों और शपथपत्रों आदि की स्व-सत्यापित प्रतियां हमारी वेबसाइट **nal.res.in** पर उपलब्ध विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्र में संलग्न हों.

2) कृपया ऑनलाइन आवेदन पत्र ध्यानपूर्वक भरें. आपका चयन ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरे गए विवरण के आधार पर ही होगा.

अंतरिम पूछताछ का कोई जवाब नहीं दिया जाएगा.

रो.स. 5/38 प्रशासन नियंत्रक

गुरु गोबिन्द सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय

सेक्टर 16-सी, द्वारका, नई दिल्ली-110078, इंडिया

Tel. (Off) : 011-25302314, Fax : 011-25302305

E-mail: nimishaphd@gmail.com, nimisha@ipu.ac.in

TO WHOM IT MAY CONCERN

यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बॉयोटेक्नोलॉजी में SERB- वित्त पोषित अनुसंधान परियोजना, इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, द्वारका, नई दिल्ली में एक अस्थायी जूनियर रिसर्च फेलो (JRF) पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं. आवेदन की अंतिम तिथि- 17.05.2021; ऑनलाइन साक्षात्कार की तिथि 20.5.21. जानकारी के लिए कृपया **www.ipu.ac.in** देखें या **nimisha@ipu.ac.in** पर मीआई से संपर्क करें.

परिलब्धियां: रु. 31,000/ - पी.एम. पहले और दूसरे वर्ष के लिए (विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार) एचआरए; रु. 35,000/ - पी.एम. + HRA (विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार) तीसरे वर्ष के लिए.

योग्यता: आवश्यक: किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से जैविक विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में परास्नातक या समकक्ष डिग्री (पूर्णकालिक); और GATE या CSIR/UGC-NET (लेक्चररशिप / असिस्टेंट प्रोफेसर सहित) योग्य होना चाहिए. 10 वीं कक्षा से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन या समकक्ष तक प्रथम श्रेणी (या समकक्ष ग्रेड) होनी चाहिए.

वांछनीय: आणविक जीव विज्ञान में अनुभव.

डॉ. निमिषा शर्मा, प्रधान अन्वेषक (nimisha@ ipu.ac.in) रो.स. 5/22

राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल शिक्षा तथा अनुसंधान संस्थान (रा.फा.शि.अ.सं.)

(अहमदाबाद,गुवाहाटी, हाजीपुर, हैदराबाद, कोलकाता रायबरेली एवं एसएएस नगर)

मास्टर एवं पीएच.डी. कार्यक्रमों हेतु रा.फा.शि.अ.सं. संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई-2021)

सभी सात रा.फा.शि.अ.सं. के बहुमुखी पीएच.डी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रा.फा.शि.अ.सं. जेईई-2021 हेतु केवल ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं.

ऑनलाइन आवेदन शुरू करने की तिथि	09 अप्रैल 2021
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	08 मई 2021
कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) की तिथि	05 जून 2021

उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन, पात्रता, शैक्षिक कार्यक्रमों की उपलब्धता, प्रवेश की प्रक्रिया और अन्य संबंधित सूचना/ ताज़ा जानकारियों से सम्बंधित विस्तृत विवरणों हेतु वेबसाइट: **www.niperhyd.ac.in** देखना चाहिए.

विज्ञा. सं. एनआईपीईआर-हैदराबाद/जीईई/1/2021

आयोजक संस्थान: रा.फा.शि.अ.सं. हैदराबाद

रो.स. 5/29 पंजीयक (प्रभारी)

फाइल सं. 8/10/2020-21/ईआई

भारत सरकार

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में एक अनुसंधान सहयोगी को काम पर रखना.

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (प.व.ज.प.मं.) मासिक समेकित पारिश्रमिक रु. 40,000/- के साथ प्रारंभ में **12 माह की अवधि** के लिए अनुबंध आधार पर एक **अनुसंधान सहयोगी-01 पद** हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदनपत्र आमंत्रित करता है.

अनुसंधान सहयोगी के लिए, आवेदक को एक भारतीय नागरिक तथा न्यूनतम योग्यता के रूप में विज्ञान/अर्थमिति/सांख्यिकी/भू-सूचनाविज्ञान में निष्णात डिग्री अथवा अभियांत्रिकी/ प्रौद्योगिकी/अर्थमिति/सांख्यिकी/भू-सूचनाविज्ञान में स्नातक डिग्री धारक और पर्यावरण, संधारणीय विकास, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में भारतीय सरकारी/शैक्षिक संगठनों के साथ जिम्मेदार पद पर कार्य करने का न्यूनतम 1-3 वर्षों का अनुभव एवं एम.एस. ऑफिस का जानकार होना चाहिए. सुसंगत क्षेत्र में पीएच.डी. धारकों को अधिमान दिया जायेगा.

अधिकतम आयु सीमा 01-01-2021 के अनुसार 40 वर्ष है.

2. पात्रता, कार्यपिक्षा तथा निबंधन एवं शर्तों से संबंधित विवरणों, आवेदनपत्र जमा करने हेतु निर्धारित प्रारूप के लिए इस मंत्रालय की वेबसाइट **www.moef.gov.in** देखें.

3. इच्छुक उम्मीदवार, जो मानदंड पूरा करते हैं, अपने आवेदनपत्र **रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से अधिकतम 21 दिनों तक (i) Stats-moef@gov.in** पर ऑनलाइन प्रणाली द्वारा ; अथवा (ii) निम्नांकित पते पर प्रत्यक्ष प्रणाली द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं :

उप-महानिदेशक कार्यालय (सांख्यिकी)
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
सांख्यिकी प्रभाग, कमरा सं. ए-655
इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग
नई दिल्ली: 110003
दूरभाष :011-24695134

रो.स. 5/33

सूचना

रोज़गार समाचार में छपे लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जरूरी नहीं है कि वही विचार सरकार के या जिन संगठनों के लिए लेखक कार्य करते हैं, उनके हों. रोज़गार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की विषयवस्तु संगठन या उनके प्रतिनिधियों की है. रोज़गार समाचार इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ के कारण उत्पन्न होने वाले किसी विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है.

भारतीय वायुसेना/Indian Air Force

भारतीय वायु सेना में समूह 'ग' सिविलियन पदों की सीधी भर्ती

शुद्धि-पत्र

भारतीय वायु सेना में सीधी भर्ती आधार पर समूह 'ग' सिविलियन पदों को भरने के संबंध में दिनांक 3-9 अप्रैल 2021 के रोज़गार समाचार में प्रकाशित इस कार्यालय की भर्ती सूचना सं. डीएवीपी 10801/11/0001/2122 के क्रम में विज्ञापन सारणी के क्र. सं. 4,5,11,18,21 एवं 23 के मुकाबले शीर्षक केंद्रीय वायु कमान इकाईयों के अंतर्गत एतद्द्वारा निम्नलिखित शुद्धि-पत्र जारी किए जा रहे हैं:-

(क) के लिए

क्र. सं.	स्टेशन/इकाई का विवरण	पद	ईडब्ल्यूएस	पीएच
4.	कमांडिंग अफसर, अमोघ बान, वायु सेना स्टेशन आगरा (उ.प्र.) 282008	मेस स्टाफ		01
5.	कमांडिंग अफसर, विजिलेंट ईगल, वायु सेना स्टेशन, आगरा (उ.प्र.) 282008	रसोईया (ओजी)		01
11.	एयर अफसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन, गोरखपुर (उ.प्र.)- 273002	एमटीएस	01 (ओएच)	01
18	कमांडिंग अफसर, आरएमयू, वायु सेना स्टेशन, सल्लाहपुर, प्रयागराज (उ.प्र.)- 212208	भंडारपाल		01
23	कमांडेंट, वायु सेना स्टेशन, ग्वालियर (म.प्र.)- 474020	एमटीएस	01 (थीएच)	

इस प्रकार पढ़ें

क्र. सं.	स्टेशन/इकाई का विवरण	पद	ईडब्ल्यूएस	पीएच
4.	कमांडिंग अफसर, अमोघ बान, वायु सेना स्टेशन, आगरा (उ.प्र.) 282008	मेस स्टाफ	01	
5.	कमांडिंग अफसर, विजिलेंट ईगल, वायु सेना स्टेशन, आगरा (उ.प्र.) 282008	रसोईया (ओजी)	01	
11.	एयर अफसर कमांडिंग, वायु सेना स्टेशन, गोरखपुर (उ.प्र.)- 273002	एमटीएस	01	01 (ओएच)
18.	कमांडिंग अफसर, आरएमयू, वायु सेना स्टेशन, सल्लाहपुर, प्रयागराज (उ.प्र.)- 212208	भंडारपाल	01	
23.	कमांडेंट, वायु सेना स्टेशन, ग्वालियर (म.प्र.)- 474020	एमटीएस		01 (थीएच)

(ख) क्र. सं. 21 कमांडिंग अफसर, आकाश पायनियर्स, वायु सेना स्टेशन, ग्वालियर (म.प्र.) 474020 पर उल्लिखित मेस स्टाफ की रिक्ति को शून्य समझा जाए.

डीएवीपी 10801/11/0001/2122 रो.स. 5/42

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर

(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)

(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)

भारत सरकार/Government of India

सं.:-एम्स/देवघर/भर्ती प्रकोष्ठ/संकाय-नर्सिंग/2020-21/14 दिनांक:-03/03/2021

नियमित आधार पर नर्सिंग कॉलेज, देवघर में विभिन्न पदों के लिए रिक्ति सूचना

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान देवघर, जो प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है, सीधी भर्ती आधार पर नर्सिंग कॉलेज, देवघर में विभिन्न पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. रिक्ति विवरण इस प्रकार है:-

क्र. सं.	पद का नाम	पद की सं.	श्रेणी	वेतनमान
1	प्रोफेसर सह प्रिंसिपल, नर्सिंग कॉलेज	01	1-अना	वेतन मैट्रिक्स का स्तर-13 (123100-215900)
2	एसोशिएट प्रोफेसर/ नर्सिंग में रीडर	02	2-अना	वेतन मैट्रिक्स का स्तर-12 (78800-209200)
3	सहायक प्रोफेसर/नर्सिंग में व्याख्याता	03	3-अना	वेतन मैट्रिक्स का स्तर-11 (67700-208700)
4	शिक्षक/क्लीनिकल अनुदेशक	17	9-अना, 4-ओबि, 2-अजा, 1-अजजा, 1-ईडब्ल्यूएस	वेतन मैट्रिक्स का स्तर-10 (56100-177500)

विस्तृत विज्ञापन और ऑनलाइन आवेदन पत्र वेबसाइट **https://aiimspatna.org** पर उपलब्ध है, जिसे **www.aiimsdeoghar.edu.in / www.pmssy-mohfw.nic.in** पर भी देखा जा सकता है.

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन की तिथि से 30 दिन होगी.

कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ
एम्स देवघर

डीएवीपी 17183/11/0001/2122 रो.स. 5/40

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
NCDC
Assisting Cooperatives, Always!
सहकारिताओं की सहायता में सदैव तत्पर!

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम

(संसदीय अधिनियम के अंतर्गत स्थापित एक सांविधिक निकाय)

ADVT.2/2021

प्रतिनियुक्ति के आधार पर राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम में **मुख्य निदेशक** पद हेतु निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं:-

पद	पात्रता शर्तें	रिक्तियों की संख्या
1. मुख्य निदेशक सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स स्तर-13 में.	केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार/सहकारी संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों आदि में समान पदों पर कार्यरत; अथवा 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 (पूर्व संशोधित वेतन स्मूह-3 :15600-39100/- रुपये तथा ग्रेड वेतन 7600/-रुपये) के पदों पर अथवा समकक्ष पदों पर 5 वर्ष की सेवाओं के साथ कार्य करने वाले व्यक्ति आवेदन करने हेतु पात्र होंगे. **सहकारी/ वित्त/बैंकिंग क्षेत्र में 10 वर्षों के अनुभव रखने वाले अधिकारियों को एनसीडीसी में प्रतिनियुक्ति के आधार पर मुख्य निदेशक के पद पर नियुक्ति के विचार के लिए वरीयता दी जाएगी.**	8

आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और अन्य योग्यता मानदंडों के विवरण के लिए इच्छुक अधिकारी एन.सी.डी.सी. की वेबसाइट **www.ncdc.in** देखें. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 08.06.2021 है.

डीएवीपी 01142/11/0001/2122 रो.स. 5/39

हमारे नए प्रकाशन





चुनिंदा ई-बुक
एमेज़ॉन और गूगल प्ले
पर उपलब्ध

गांधी साहित्य, भारतीय इतिहास, जाने-माने व्यक्तियों की जीवनियां, उनके भाषण और लेखन, आधुनिक भारत के निर्माता शृंखला की पुस्तकें, कला एवं संस्कृति, बाल साहित्य

प्रकाशन विभाग
सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

हमारी पुस्तकें ऑनलाइन खरीदने के लिए कृपया www.bharatkosh.gov.in पर जाएं।
ऑर्डर के लिए कृपया संपर्क करें : फोन : 011-24365609, ई-मेल : businesswng@gmail.com
बेवसाइट : **www.publicationsdivision.nic.in**

@ DPD_India

(पृष्ठ 1 का शेष)

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर

ठिकाऊ ग्रामीण बुनियादी ढांचा सुविधायें और गांवो में इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाऐं मुहैया कराने पर ध्यान देता है.

दीनदयाल अंत्योदय योजना:- आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय लाभकारी स्वरोज़गार और कुशल पारिश्रमिक रोज़गार अवसरों तक पहुंच बढ़ाकर शहरी निर्धन परिवारों की गरीबी दूर करने के उद्देश्य से केंद्र प्रायोजित योजना - दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन लागू कर रहा है.

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), स्व-रोज़गार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा शुरू की गयी है. इसके तहत किसी प्रकार के रेहन से मुक्त 10 लाख रुपये तक का ऋण, सूक्ष्म और लघु उद्यमों और व्यक्तियों को उपलब्ध कराया जाता है ताकि वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें या मौजूदा व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ा सकें.

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की प्रमुख योजना है. इस कौशल प्रमाणन योजना का उद्देश्य भारतीय युवाओं की बड़ी संख्या को उद्योग संबंधी कौशल प्रशिक्षण लेने में सक्षम बनाना है जो उन्हें बेहतर आजीविका प्राप्त करने में मदद कर सके और उनकी रोज़गार और स्वरोज़गार संबंधी जरूरतें पूरी कर सके. इन पहलों के अलावा मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना, सबके लिये आवास, अवसंरचना विकास और औद्योगिक गलियारा जैसे प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों में भी उत्पादक रोज़गार अवसर सृजित करने की क्षमता है. केंद्र ने राष्ट्रीय कॅरियर सेवा परियोजना भी लागू की है जो एक डिजिटल पोर्टल के माध्यम से रोज़गार ढूंढने वालों और रोज़गार देने वाले नियोक्ताओं के लिये जॉब मैचिंग का एक कुशल राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराता है.

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना:- सरकार ने लगभग 50 लाख रेहड़ी पटरी वालों को अपना रोज़गार फिर शुरू करने के लिये एक वर्ष की अवधि के लिये 10,000 रुपये तक का रेहन मुक्त पूंजी ऋण सुविधा देने के लिये इस योजना की शुरुआत की है. इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार ने बाजार अर्थव्यवस्था को गति देने और रोज़गार स्तर बढ़ाने के लिये अर्थव्यवस्था में नकदी बढ़ाने के उपाय भी किये हैं.

ईएसआई निगम की अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना बीमित लोगों को बेरोजगारी की आकस्मिक स्थिति में नकद मुआवजे के रूप में राहत उपलब्ध कराती है. श्रम मंत्रालय ने राज्य कल्याण बोर्डों को श्रमिकों को वस्तुएं या घर के सामान नहीं देकर, इसके बदले सीधे उनके बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) से मौद्रिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. नकदी के रूप में धन अंतरण तुरंत आदेश से पूरी तरह रोक दिया गया है और कोई भी मौद्रिक सहायता अनिवार्य रूप से डीबीटी के जरिये देने का निर्देश दिया गया है. यह आदेश वस्तुओं के वितरण पर भी प्रतिबंध लगाता है. यह स्पष्ट करता है कि प्राकृतिक आपदा, महामारी, आग हादसा, व्यवसायगत दुर्घटनाओं या ऐसे अन्य संकटों जैसी असामान्य परिस्थितियों को छोड़कर कोई भी लाभ वस्तुओं के रूप में उपलब्ध नहीं कराया जा सकता और यह भी केवल राज्य सरकार की पूर्व अनुमति पर ही. श्रम मंत्रालय ने 24 मार्च 2020 को सभी राज्यों को परामर्श जारी कर प्रभावित भवन और अन्य निर्माण (बीओसी) श्रमिकों को कल्याण कोष से डीबीटी के जरिये वित्तीय सहायता मुहैया कराने को कहा है. अधिकांश राज्य कल्याण बोर्डों ने पंजीकृत श्रमिकों को एक हजार से छः हजार रुपये तक का अनुदान दिया है. नवीनतम आंकड़ों के अनुसार राज्य कल्याण बोर्डों ने लगभग 1.83 करोड़ निर्माण श्रमिकों को 5618 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के जरिये उनके बैंक खातों में अंतरित की है.

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन द्वारा वर्ष 2017-18 में कराये गये आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण के अनुसार देश के संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में कुल रोज़गार लगभग 47 करोड़ था.

इसमें से लगभग 9 करोड़ श्रमिक संगठित क्षेत्र में और बाकी 38 करोड़ असंगठित क्षेत्र में लगे थे. श्रमिकों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है. जैसे 10 या अधिक कामगारों वाले प्रतिष्ठान की श्रेणी, 20 या अधिक कामगारों वाले प्रतिष्ठान की श्रेणी और असंगठित क्षेत्र में लगे श्रमिकों की श्रेणी. ईएसआई अधिनियम,1948 ईएसआई अधिसूचित क्षेत्रों में स्थित तथा दस या अधिक लोगों को रोज़गार देने वाली सभी फैक्ट्रियों और अधिसूचित प्रतिष्ठानों पर लागू होने वाला सामाजिक सुरक्षा कानून है और यह असंगठित क्षेत्र पर लागू नहीं होता. 21,000 रुपये प्रतिमाह तक अर्जित करने वाले कर्मचारी, दिव्यांग जन के मामले में 25,000 रुपये प्रतिमाह तक पाने वाले, ईएसआई योजना के तहत आते हैं और ईएसआई अधिनियम 1948 के तहत उपलब्ध सभी लाभ पाने के पात्र हैं. मौजूदा समय में ईएसआई योजना 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 575 जिलों तक लागू होती है. इस योजना के तहत आने वाले कुल बीमित व्यक्तियों की संख्या 31 मार्च 2020 को 3.41 करोड़ थी और कुल लाभार्थियों की संख्या 13.24 करोड़. 20 या अधिक कामगारों वाले संगठित क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों को कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम,1952 के तहत सामाजिक सुरक्षा लाभ तीन स्कीमों के जरिये प्रदान किया जाता है - कर्मचारी भविष्य निधि योजना,1952; कर्मचारी पेंशन योजना 1995 और कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना, 1976. नियोक्ताओं और कर्मचारी दोनों, भविष्य निधि में पारिश्रमिक के 12 प्रतिशत की दर में अंशदान करते हैं. इसमें से 8.33 प्रतिशत राशि पेंशन कोष में डाल दी जाती है. वर्ष 2019-20 के दौरान इस योजना के तहत कुल 4.89 करोड़ सदस्यों ने अंशदान किया. असंगठित क्षेत्र में लगे कामगारों के लिये सामाजिक सुरक्षा लाभ असंगठित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 के माध्यम से दिया जाता है. यह केंद्र को असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिये, जीवन और दिव्यांगता कवर, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, वृद्धावस्था सुरक्षा और केंद्र द्वारा तय किसी अन्य लाभ के मामले में समुचित कल्याण योजनाएं बनाकर सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिये अधिकृत करता है. राज्यों को भी आवास, भविष्य निधि, शैक्षिक योजनायें, कौशल उन्नयन, वृद्धाश्रम इत्यादि के लिये समुचित कल्याण योजनायें बनाने के लिये अधिकृत किया गया है. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के माध्यम से जीवन और दिव्यांगता सुरक्षा प्रदान की जाती है. इन योजनाओं के तहत असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिये किसी भी कारण से मृत्यु और स्थायी दिव्यांगता पर 2 लाख रुपये, आंशिक दिव्यांगता पर 1 लाख रुपये और दुर्घटना के कारण मृत्यु पर 4 लाख रुपये का प्रावधान है. 30 दिसंबर 2020 तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत कुल 9.70 करोड़ लोग और पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत 21.87 करोड़ लोग नामांकित किये जा चुके थे.

आयुष्मान भारत योजना:- स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत कवर किया जाता है जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण से कार्यान्वित एक यूनिवर्सल स्वास्थ्य योजना है. वर्ष 2011 की सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में पेशेगत और अभाव मानदंडों के आधार पर पात्र लाभार्थी परिवारों की संख्या 10.74 करोड़ है. बाद में आयुष्मान भारत योजना के विस्तार से 65 करोड़ लोग इसके तहत शामिल परिवारों के दायरे में आ गये.

प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना:- व्यापारी, दुकानदार और स्वनियोजित लोगों सहित असंगठित क्षेत्र के कामगारों को वृद्धावस्था सुरक्षा प्रदान करने के लिये सरकार ने दो प्रमुख योजनाएं लागू की है - प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (पीएम- एसवाईएम) तथा व्यापारियों, दुकानदारों और स्वनियोजित लोगों के लिये राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस-ट्रेडर्स). इन योजनाओं के तहत लाभार्थी 60 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद कम से कम 3000 रुपये की निश्चित मासिक पेंशन प्राप्त करने के पात्र हैं. 18-40 आयु वर्ग के कामगार जिनकी मासिक आय 15,000 रुपये से कम है पीएम-एसवाईएम योजना में शामिल हो सकते हैं तथा 1.5 करोड़ रुपये से नीचे के वार्षिक टर्नओवर वाले व्यापारी, दुकानदार और स्व नियोजित लोग एनपीएस- ट्रेडर्स योजना में आ सकते हैं. ये स्वैच्छिक और अंशदान आधारित योजनाएं हैं और मासिक अंशदान, लाभार्थी के योजना में शामिल होने की उम्र के आधार पर, 55 से 200 रुपये के बीच होगा. दोनों योजनाओं में 50 प्रतिशत मासिक अंशदान लाभार्थी द्वारा और इतना ही केंद्र द्वारा किया जाता है. ये दोनों योजनायें देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में कार्यान्वित की जा रही है. 28 फरवरी 2021 तक लगभग 44.90 लाख लोग प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से और 43,700 व्यापारी राष्ट्रीय पेंशन योजना से लाभान्वित हो चुके थे.

अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना:- अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिये शुरुआती आधार पर 1 जुलाई 2018 से लागू की गयी थी. इसका उद्देश्य बेरोज़गार हो जाने वाले बीमित व्यक्ति को राहत उपलब्ध कराना है. इस योजना के तहत औसत प्रतिदिन आय के 25 प्रतिशत तक नकद मुआवजे के रूप में राहत राशि का भुगतान अधिकतम 90 दिन की बेरोज़गारी तक किया जाता है यदि कर्मचारी ने बीमित रोजगार की दो वर्ष की अवधि पूरी कर ली हो और राहत के लिये दावे से ठीक पहले लगातार चार अंशदान अवधियों में प्रत्येक में कम से कम 78 दिन का अंशदान किया हो. योजना की शुरुआत से लेकर 18 मार्च 2021 तक कुल 43,299 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिला है और 57.18 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है. इस योजना को जुलाई 2020 से जून 2021 तक बढ़ा दिया गया है. कोविड-19 महामारी के दौरान बेरोज़गार हो जाने वाले बीमित लोगों को लाभ मुहैया कराने के लिये राहत दर बढ़ा दी गयी है और 24 मार्च 2020 के बाद बेरोजगार हुए लोगों के लिये पात्रता शर्तों में भी रियायत दी गयी है. सांख्यिकी मंत्रालय के अनुसार अप्रैल से दिसंबर 2020 के दौरान ईपीएफ स्कीम में महिला अंशदाताओं की संख्या में लगभग 9.27 लाख, न्यू पेंशन स्कीम में 1.13 लाख महिला अंशदाता और कर्मचारी राज्य बीमा योजना में लगभग 2.03 लाख महिला अंशदाताओं की बढ़ोतरी हुई है. कोविड महामारी के बावजूद मौजूदा वित्तीय वर्ष में ईपीएफओ में लगभग 62.49 लाख अंशदाता बढ़े हैं.

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम:- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम लागू कर रहा है. यह ऋण से जुड़ा एक प्रमुख सबसिडी कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य पारंपरिक शिल्पियों और बेरोज़गार युवाओं को मदद देकर गैर कृषि क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यम लगाकर स्व रोज़गार के अवसर सृजित करना है.

पत्रकारों के सेवा शर्त विनियम - श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचार पत्र कर्मी (सेवा शर्तें) और विविध प्रावधान अधिनियम,1955 के दायरे में पत्रकार और गैर पत्रकार समाचार पत्र कर्मियों के लिये रोज़गार और सेवा शर्त विनियम आते हैं. अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्य अवधि, अवकाश नियम और पारिश्रमिक की संशोधित दरों से संबंधित मुद्दे आते हैं, वेतन बोर्ड के गठन का मुद्दा भी इसमें शामिल है. सूचना और प्रसारण मंत्रालय पत्रकारों और उनके परिवारों को अत्यधिक कठिनाई में या पत्रकार की मृत्यु की स्थिति में और स्थायी दिव्यांगता, घातक रोग और दुर्घटना में लगी गंभीर चोट, जिसके कारण अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी हो गया हो, जैसी स्थिति में अनुग्रह राहत के लिये 'पत्रकार कल्याण योजना' लागू करता है.

महिलाओं का रोज़गार:- सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा 2017-18 और 2018-19 में कराये गये आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण परिणामों के अनुसार देश में 15 वर्ष और अधिक की सामान्य स्थिति पर अनुमानित महिला बेरोज़गारी दर क्रमशः 5.6 प्रतिशत और 5.1 प्रतिशत है. सरकार ने श्रम बल में महिला भागीदारी बढ़ाने के लिये कई पहल की हैं. उनके रोज़गार को

(शेष पृष्ठ 21 पर)

महत्वपूर्ण सूचना

मंत्रालयों/सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से अनुरोध है कि वे बेहतर समन्वय तथा प्रमाणीकरण के लिए रोज़गार समाचार में अपने विज्ञापन के प्रकाशन हेतु अपने अनुरोध के साथ संपर्क व्यक्ति का नाम एवं पदनाम, दूरभाष संख्या तथा मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी उपलब्ध करायें. इन विवरणों की अनुपस्थिति में रोज़गार समाचार के लिए आपके विज्ञापन को प्रकाशित कर पाना संभव नहीं हो सकेगा.

संघ लोक सेवा आयोग
सिविल सेवा (प्र.) परीक्षा– 2018
सामान्य अध्ययन प्रश्न पत्र –II

प्र.63. आलेख को देखकर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वर्ष 1990 से 2010 तक

(a) जनसंख्या की वृद्धि-दर बढ़ी है
(b) जनसंख्या की वृद्धि-दर घटी है
(c) जनसंख्या की वृद्धि-दर स्थिर रही है
(d) जनसंख्या की वृद्धि-दर किसी प्रवृत्ति को नहीं दिखाती

प्र.64. ऊपर दिए गए आलेख के संदर्भ में, 1970 को आधार वर्ष मानकर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. 35 वर्षों के पश्चात जनसंख्या स्थिर हो गई है.
2. 35 वर्षों के पश्चात जनसंख्या वृद्धि-दर स्थिर हो गई है.
3. पहले 10 वर्षों में मृत्युदर में 10 प्रतिशत की गिरावट हुई है.
4. 35 वर्षों के बाद जन्मदर स्थिर हो गई है.

उपर्युक्त में से कौन-से सर्वाधिक तार्किक एवं तर्कसंगत कथन हैं जो कि इस आलेख से बनाए जा सकते हैं?

(a) केवल 1 और 2 (b) 1, 2 और 3
(c) 3 और 4 (d) 2 और 4

प्र.65. चित्र A और B में एक फर्म में श्रमिकों की प्रति वर्ष औसत प्रति घंटा आय (E) निरूपित की गई है:



चित्र A



चित्र B

चित्रों से यह देखा जा सकता है कि

(a) E के मूल्य अलग-अलग हैं
(b) E के परिसर (अर्थात अधिकतम एवं न्यूनतम के बीच का अंतर) अलग-अलग हैं
(c) आलेखों (ग्राफ) की प्रवणता समान है
(d) E में वृद्धि की दरें अलग-अलग हैं

प्र.66. नीचे दिए गए चित्रों पर विचार कीजिए:

प्रश्नवाचक चिन्ह के स्थान पर उपयुक्त रूप से आने वाला सही उत्तर है



(a)
(b)
(c)
(d)

प्र.67. निम्नांकित चित्रों A और B पर विचार कीजिए:

क्रमशः चित्र A और B में किसी उत्पाद की निर्माण लागत और


चित्र A


चित्र B

प्रक्षेपित बिक्री दिखाई गई है. कम-से-कम कितने अदद्यों का निर्माण किया जाना चाहिए ताकि हानि न हो?

(a) 2000 (b) 2500 (c) 3000 (d) 3500

प्र.68. एक लिफ्ट में 18 वयस्क या 30 बच्चों को ले जाने की क्षमता है. लिफ्ट में 12 वयस्कों के साथ कितने बच्चे आ सकते हैं?

(a) 6 (b) 10 (c) 12 (d) 15

प्र.69. किसी व्यक्ति ने रु. 22,800 कीमत का रेफ्रीजरेटर 12.5 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज (वार्षिक) पर खरीदा. पहले वर्ष के अंत पर उसने रु. 8,650 एवं दूसरे वर्ष के अंत पर रु. 9,125 चुकाए. ऋण पूरा चुकाने के लिए उसे तीसरे वर्ष के अंत में कितने रुपये का भुगतान करना होगा?

(a) रु. 9,990 (b) रु. 10,000 (c) रु. 10,590
(d) रु. 11,250

प्र.70. निम्नांकित चित्रों पर विचार कीजिए:

ऊपर चित्र (I) से (VI) तक में कुछ भाग नियमित दिशाओं में



अपनी स्थितियां बदलते हुए दिखाए गए हैं. उसी अनुक्रम का अनुसरण करते हुए नीचे दिए गए चित्रों में से कौन-सा चरण (VII) में आएगा?

प्र.71. निम्नांकित आलेखों पर विचार कीजिए. आलेखों में दिए गए



वक्र कुछ दशकों की अवधि में दो देशों A और B की जनसंख्या में विभिन्न आयु-वर्गों को प्रदर्शित करते हैं

उपर्युक्त आलेखों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-से सर्वाधिक तार्किक और तर्कसंगत निष्कर्ष (इंफेरेंस) निकाले जा सकते हैं?

1. पिछले ढाई दशकों में देश B के निर्भरता अनुपात में कमी आई है.



2. अगले ढाई दशकों के अंत में, देश A का निर्भरता अनुपात, देश B के निर्भरता अनुपात की तुलना में बहुत कम हो जाएगा.
3. अगले दो दशकों में, देश A की तुलना में देश B में कुल जनसंख्या के सापेक्ष कार्यशील जनसंख्या बढ़ जाएगी.

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए.

(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

प्र.72. लक्ष्मी उसका भाई उसकी पुत्री तथा उसका पुत्र बैडमिंटन खिलाड़ी हैं. एक युगल (डब्ल्स) खेल प्रारंभ होने वाला है

(i) लक्ष्मी का भाई उसकी पुत्री से नेट के पार ठीक सम्मुख है.
(ii) उसका पुत्र, सबसे खराब खिलाड़ी के सहोदर से नेट के पार विकर्णतः सम्मुख है.
(iii) सबसे अच्छा खिलाड़ी तथा सबसे खराब खिलाड़ी नेट के एक ही तरफ हैं.

सबसे अच्छा खिलाड़ी कौन है?

(a) उसका भाई (b) उसकी पुत्री
(c) उसका पुत्र (d) लक्ष्मी

प्र.73. नीचे दिए गए आलेख में एक वर्ष की अवधि में केंद्रीय बैंक द्वारा प्रमुख नीतिगत दरों में अनेक बार किए गए परिवर्तनों को दिखाया गया है:

निम्नलिखित में से कौन-सा एक केंद्रीय बैंक की इस कार्रवाई का



सबसे संभव कारण है?

(a) विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना
(b) तरलता में वृद्धि लाना
(c) सार्वजनिक और निजी दोनों बचतों में वृद्धि लाना
(d) स्फीति-विरोधी कदम

निम्नलिखित 2 (दो) प्रश्नांशों के लिए निर्देश:

नीचे दी गई तालिका में किसी विशेष वर्ष में किसी देश के विभिन्न राज्यों की जी. डी. पी. वृद्धि-दर और दूरसंचार सघनता आंकड़े दिखाए गए हैं. इस तालिका का अध्ययन कीजिए और आगे आने वाले दो प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए.

प्र.74. ऊपर दी गई तालिका के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-

राज्य	प्रति व्यक्ति आय ($)	जी० डी० पी० वृद्धि-दर (%)	दूरसंचार सघनता
राज्य 1	704	9·52	70·27
राज्य 2	419	5·31	35·88
राज्य 3	254	10·83	50·07
राज्य 4	545	9·78	5·94
राज्य 5	891	10·8	76·12
राज्य 6	1077	11·69	77·5
राज्य 7	900	8·88	104·86
राज्य 8	395	5·92	6
राज्य 9	720	7·76	82·25
राज्य 10	893	9·55	96·7
राज्य 11	363	4·7	57·7
राज्य 12	966	7·85	63·8
राज्य 13	495	9·37	52·3
राज्य 14	864	5·46	97·9
राज्य 15	497	7·48	62·3
राज्य 16	777	7·03	93·8
राज्य 17	335	5·8	49·9
राज्य 18	599	7·49	47·84

सा/से सर्वाधिक तार्किक और तर्कसंगत निष्कर्ष (इंफेरेंस) निकाला जा सकता है/निकाले जा सकते हैं?

1. उच्चतर प्रति व्यक्ति आय सामान्यतः उच्चतर दूरसंचार सघनता से संबद्ध होती है.
2. उच्चतर जी.डी.पी. वृद्धि-दर सदा उच्चतर प्रति व्यक्ति आय को सुनिश्चित करती है.
3. उच्चतर जी.डी.पी. वृद्धि-दर उच्चतर दूरसंचार सघनता को आवश्यक रूप से सुनिश्चित नहीं करती.

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए.

(a) केवल 1 (b) 2 और 3 (c) 1 और 3 (d) केवल 3

प्र.75. ऊपर दी गई तालिका के संदर्भ में निम्नलिखित पूर्वधारणाएं बनाई गई हैं:

1. आजकल, पहले से ही उच्च निष्पादन करने वाले किसी राज्य की संपन्नता दूरसंचार अवसंरचना में बृहत निवेशों को जारी रखे बिना कायम नहीं रखी जा सकती.
2. आजकल, बहुत उच्च दूरसंचार सघनता किसी राज्य में व्यवसाय एवं आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए एक सबसे महत्वपूर्ण शर्त है.

उपर्युक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/पूर्वधारणाएं वैध है/हैं?

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए.

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

(शेष पृष्ठ 21 पर)

(पृष्ठ 20 का शेष)

76. नीचे दिया गया आलेख दो दशकों की अवधि मे हमारे कर राजस्व के संयोजन को प्रदर्शित करता है :



ऊपर दिए गए आलेख के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से सर्वाधिक तार्किक और तर्कसंगत निष्कर्ष (इंफेरेंस) निकाला जा सकता है/निकाले जा सकते हैं?

1. दी गई समयावधि में समग्र कर राजस्व के प्रतिशत के रूप में प्रत्यक्ष करों से राजस्व में वृद्धि हुई है जबकि अप्रत्यक्ष करों से राजस्व में कमी आई है.
2. उत्पाद शुल्क से प्राप्त राजस्व की प्रवृत्ति प्रदर्शित करती है कि दी हुई समयावधि में निर्माण क्षेत्र का विकास ऋणात्मक रहा है.

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

77. यदि x- y = 8 है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा/से सत्य होना/होने ही चाहिए?

1. x, y के किसी भी मान के लिए x तथा y दोनों धनात्मक होने ही चाहिए.
2. x, y के किसी भी मान के लिए यदि x धनात्मक है, तो y ऋणात्मक होना ही चाहिए.
3. x, y के किसी भी मान के लिए यदि x ऋणात्मक है, तो y धनात्मक होना ही चाहिए.

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) 1, 2 और 3 में से कोई नहीं

निम्नलिखित 3 (तीन) प्रश्नांशों के लिए निर्देश :
नीचे दिए गए दो परिच्छेदों को पढ़िए और परिच्छेदों के नीचे आने वाले प्रश्नांशों के उत्तर दीजिए. इन प्रश्नांशों के आपके उत्तर केवल इन परिच्छेदों पर ही आधारित होने चाहिए.

परिच्छेद-1

सस्ते और प्रचुर मांस की तलाश के परिणामस्वरूप फैक्टरी फार्म बनाए गए हैं जहां अधिक से अधिक पशुओं को क्रूर और शोचनीय दशाओं में छोटी-छोटी डेरियों में ठूंसा जाता है. इस प्रकार के प्रचलनों के परिणामस्वरूप विश्व की अनेक स्वास्थ्य संबंधी देशांतरगामी महामारियां उठ खड़ी हुई हैं, जैसे कि एवियन फ्लू. विश्वभर में पशुधन का पालन लगातार बढ़ती हुई क्रूर और तंग दशाओं में किया जा रहा है, जहां पशु अपना लघु जीवन कृत्रिम प्रकाश, प्रतिजैविकों और वृद्धि हॉर्मोनों के ठसाठस इस्तेमाल के बीच वध होने के दिन तक व्यतीत करते हैं. मांस उत्पादन जल की अत्यधिक खपत मांगता है. मांस के प्रत्येक किलोग्राम के लिए 15000 लीटर जल की आवश्यकता होती है जबकि 1 किलोग्राम धान के लिए 3400 लीटर, 1 किलोग्राम अंडों के लिए 3300 लीटर और 1 किलोग्राम आलू के लिए 255 लीटर जल की आवश्यकता होती है.

78. इस परिच्छेद द्वारा दिया गया सर्वाधिक तर्कसंगत और निर्णायक संदेश कौन-सा है?

(a) औद्योगिक पशुपालन (इंडस्ट्रियल फार्मिंग) से बड़े पैमाने पर मांस का उत्पादन करना सस्ता होता है और यह गरीब देशों को प्रोटीन पोषण प्रदान करने के लिए उपयुक्त है.
(b) मांस उत्पादन उद्योग पशुओं के प्रति क्रूरता के विरुद्ध कानूनों का उल्लंघन करता है.
(c) औद्योगिक पशुपालन के द्वारा बड़े पैमाने पर मांस उत्पादन अवांछनीय है और इसको तुरंत रोक देना चाहिए.
(d) मांस उत्पादन की पर्यावरणीय लागत अधारणीय होती है जब इसका उत्पादन औद्योगिक पशुपालन से किया जाता है.

परिच्छेद-2

एक नर बाघ को पेंच बाघ अभयारण्य (टाइगर रिज़र्व) से हटाकर पन्ना राष्ट्रीय पार्क में ले जाकर रखा गया. बाद में, इस बाघ ने अपने घर की ओर 250 मील लंबी दूरी तय की. इस अकेले बाघ की यह यात्रा एक संकट पर प्रकाश डालती है. कई वन्य जीव अभयारण्य मानवता के विशाल सागर के बीच भंगुर आवास के द्वीपों के रूप में विद्यमान हैं. फिर भी कोई बाघ शिकार, जोड़े और अपने क्षेत्र की तलाश में सौ मील के परास में घूम सकता है. भारत के लगभग एक-तिहाई बाघ, बाघ अभयारण्यों के बाहर रहते हैं. यह स्थिति मानव और पशु दोनों के लिए ही संकटपूर्ण है. बाघ और उसके शिकार तभी अलग रह सकते हैं यदि अभयारण्यों के बीच भूमि के मान्य गलियारे हों, ताकि वे बिना छेड़छाड़ के आ-जा सकें.

79. इस परिच्छेद द्वारा दिया गया सर्वाधिक तर्कसंगत और निर्णायक संदेश निम्नलिखित में से कौन-सा है?

(a) मनुष्य और वन्य जीव के बीच संघर्ष को सुलझाया नहीं जा सकता चाहे हम जो भी प्रयत्न करें.
(b) संरक्षित क्षेत्रों के बीच सुरक्षित वन्य जीव गलियारे, संरक्षण के प्रयत्नों का आवश्यक पहलू है.
(c) भारत के लिए आवश्यक है कि वह और अधिक संरक्षित क्षेत्रों की घोषणा करे तथा और अधिक बाघ अभयारण्यों की स्थापना करे.
(d) भारत के राष्ट्रीय पार्कों और बाघ अभयारण्यों का व्यावसायिक (प्रोफेशनल) प्रबंधन होना चाहिए.

80. उपर्युक्त परिच्छेद के संदर्भ में, निम्नलिखित पूर्वधारणाएं बनाई गई हैं:

1. एक संरक्षित क्षेत्र से दूसरे संरक्षित क्षेत्र में स्थान-परिवर्तन हुए वन्य जीव के संरक्षण करने की रणनीति प्रायः सफल नहीं होती है.
2. भारत में बाघों की सुरक्षा के लिए उपयुक्त कानून नहीं हैं और इसके संरक्षण के प्रयास असफल हो गए हैं जिसके कारण बाघ संरक्षित क्षेत्रों से बाहर रहने पर बाध्य हैं.

उपर्युक्त में से कौन-सी पूर्वधारणा/ पूर्वधारणाएं वैध है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, और न ही 2

उत्तर अगले अंक में प्रकाशित किए जाएंगे

अब प्रिंट संस्करण और ई-बुक संस्करण उपलब्ध

भारत 2021

भारत के प्रांतों, केंद्रशासित प्रदेशों, भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों तथा नीतियों, कार्यक्रमों और उपलब्धियों की आधिकारिक जानकारी देने वाला
वार्षिक संदर्भ ग्रंथ

मूल्यः प्रिंट संस्करण ₹ 300/- ई-बुक संस्करण ₹ 225/-

पुस्तकें खरीदने के लिए प्रकाशन विभाग की वेबसाइट : www.publicationsdivision.nic.in पर जाएं

ई-बुक एमेज़ॉन और गूगल प्ले पर उपलब्ध

देश भर में प्रकाशन विभाग के विक्रय केन्द्रों और पुस्तक विक्रेताओं से भी खरीद सकते हैं

ऑर्डर के लिए संपर्क करें : प्रकाशन विभाग
फोन : 011-24365609 सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,
ई-मेल : businesswng@gmail.com भारत सरकार
हमारी पुस्तकें ऑनलाइन खरीदने के लिए सूचना भवन, सी जी ओ कॉम्प्लेक्स,
कृपया www.bharatkosh.gov.in पर जाएं। लोधी रोड नई दिल्ली -110003
वेबसाइट : www.publicationsdivision.nic.in

ट्विटर पर फोलो करें @DPD_India

(पृष्ठ 19 का शेष)

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर

प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महिला कामगारों के लिये अनुकूल माहौल बनाने के लिये श्रम कानून में कई सुरक्षात्मक प्रावधान शामिल किये गये हैं.

कृषि और पर्यटन क्षेत्रों में रोज़गार के अवसरः- सरकार विभिन्न केंद्र प्रायोजित और केंद्रीय योजनाओं के जरिये कृषि क्षेत्र की प्रगति और विकास को बढ़ावा दे रही है. सभी योजनाओं का उद्देश्य किसानों को लाभ पंहुचाना और कृषि आधारित रोज़गार को बढ़ावा देकर उनके लिये आजीविका के अवसर सृजित करना है. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय कृषि कल्याण योजना के तहत नवाचार और कृषि उद्यमिता नाम से एक नया घटक शामिल किया है जिसका उद्देश्य कृषि और सहयोगी क्षेत्रों में स्टार्ट-अप उद्यमों को बढ़ावा देकर इनका कायाकल्प करना और रोजगार के अवसर सृजित करना है.

सरकार छोटे किसानों के कृषि व्यवसाय संकुलों के माध्यम से उपक्रम पूंजी सहायता योजना के जरिये कृषि आधारित व्यवसायों को बढ़ावा दे रही है. योजना के तहत 500 लाख रुपये की परियोजनाओं के लिये ब्याज मुक्त ऋण के रूप में सहायता बढ़ाकर प्रमोटर की इक्विटी के 26 प्रतिशत तक या कृषि उद्यमी के लिये 50 लाख रुपये तक, जो भी कम हो, कर दी गयी है.

पर्यटन मंत्रालय ने देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने और बदले में रोज़गार के अवसर सृजित करने के लिये अनेक उपाय किये हैं - जैसे थीम आधारित पर्यटन सर्किट विकसित कर स्वदेश दर्शन योजना, प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र विकास के लिये राष्ट्रीय तीर्थस्थल तथा आध्यात्मिक और धरोहर स्थल विकास (प्रशाद) योजना मिशन, धरोहरों स्थलों, स्मारकों और अन्य पर्यटन स्थलों के विकास और रखरखाव की परियोजना और अतुल्य भारत पर्यटन सुविधा कार्यक्रम इत्यादि. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का शुभारंभ सरकार द्वारा स्व रोज़गार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है. इस योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का रेहन मुक्त ऋण सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और लोगों को अपना उद्यम लगाने या व्यापारिक गतिविधियां विस्तारित करने के लिये दिया जाता है.

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं.)

व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.

(चित्रः गूगल के सौजन्य से)

(पृष्ठ 2 का शेष)

सिविल सेवा साक्षात्कार के लिए तैयारी

है, जब तक कि आप प्रश्नों के अनुमानित भाग में पर्याप्त रूप से मजबूत न हों.

कुछ संभावित प्रश्न निम्नलिखित विषयों पर होंगे.

1. डीएएफ : आपको अपने डीएएफ में अपने माता-पिता, शैक्षिक पृष्ठभूमि, आपकी नौकरी के विवरण, यदि कोई हो, आपके शौक और असाधारण गतिविधियां, सेवाओं की पसंद और कैडर के लिए प्राथमिकता के बारे में विभिन्न विवरण प्रस्तुत करना आवश्यक है. इस प्रकार, आपका डीएएफ सदस्यों को सबसे अधिक आकर्षित करता है और वे न केवल आपके डीएएफ के माध्यम से आपके बारे में एक राय बनाते हैं, बल्कि इसमें आपके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर प्रश्न भी उठाते हैं. सटीकता और ईमानदारी के साथ सूचनाओं को प्रस्तुत करने के लिए बहुत सावधान रहें. कभी भी डीएएफ में किसी भी चीज के लिए खुद को प्रतिबद्ध न करें जिसका बचाव या औचित्य ठहराना मुश्किल हो. चूंकि आपके पास आपकी जानकारी उपलब्ध है, आप उनका बचाव करने वाले हैं. डीएएफ पर अपने जवाब तैयार करने के लिए कुछ जानकार व्यक्तियों से परामर्श करें.

2. आपका राज्य: आपके राज्य से संबंधित प्रश्न, जैसे आपके राज्य की अर्थव्यवस्था, कानून-व्यवस्था, शासन, संस्कृति, इतिहास आदि मुद्दों पर प्रश्न अवश्य पूछे जाएंगे. प्रामाणिक स्रोतों से इन मुद्दों पर एक त्वरित अध्ययन कर लेना अत्यधिक वांछनीय है. उदाहरण के लिए, यदि आप बिहार के हैं, तो बड़े साम्राज्यों जैसे मौर्य साम्राज्य, बौद्ध धर्म, जैन धर्म का जन्म आदि के संदर्भ में इसके इतिहास संबंधी प्रश्न पूछे जा सकते हैं. बिहार का पिछड़ापन, जातिगत राजनीति, कुशासन आदि मुद्दे बोर्ड के सदस्यों द्वारा बातचीत के दौरान उठाये जाएंगे और आपके विचारों को उसी पर आधारित किया जाएगा. शराबबंदी के प्रभाव, हाल ही में पारित बिहार पुलिस अधिनियम जैसे हाल के मुद्दों को निश्चित रूप से पूछा जाएगा. इस उदाहरण से एक संकेत लेते हुए, आपको अपने संबंधित राज्यों की तैयारी करनी चाहिए.

3. राष्ट्रीय मुद्दे: यह साक्षात्कार की बातचीत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा. कोविड से संबंधित स्वास्थ्य मुद्दे, कोविड से उत्पन्न शासन की चुनौतियां, अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के उपाय, कृषि बिलों और विरोध प्रदर्शनों के मुद्दे, अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा भारतीय लोकतंत्र का दर्जा कम करना, नक्सली हिंसा में वृद्धि और अन्य हालिया मुद्दे मेजबान के अजेंडे पर होंगे.

4. अंतरराष्ट्रीय मुद्दे: पिछले कई महीनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत कुछ हुआ है. चीन से संबंधित मुद्दे, अमरीकी चुनाव, जेसीपीएओ और ईरान, चीन और इज़राइल द्वारा साइबर हमले, अब्राहम समझौते, टीका कूटनीति, महामारी के दौरान डब्ल्यूएचओ की भूमिका, ब्रेग्जिट और ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और भारत के लिए उसका निहितार्थ; भारतीय विदेश नीति और पड़ोसियों के साथ उसके संबंध, विशेष रूप से भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा से सैनिकों को हटाया जाना, भारत और पाकिस्तान के बीच एलओसी पर संघर्ष विराम, पाकिस्तान के साथ व्यापार के मुद्दे, भारत-नेपाल के मुद्दे, बांग्लादेश की आजादी के 50 साल, श्रीलंका में शक्तियों का हस्तांतरण आदि कुछ ऐसे क्षेत्र होंगे जिन पर सवाल उठाए जाएंगे. ऐसे कई और मुद्दों को सूचीबद्ध करना चाहिए और इन मुद्दों पर अलग-अलग प्रश्न/ उत्तर तैयार करने चाहिएं.

5. विवादास्पद प्रश्न: उम्मीदवारों को हमेशा आश्चर्य होता है कि विवादास्पद मुद्दों पर क्या करना है. उदाहरण के लिए, ऐसे कृषि कानूनों पर सवालों का जवाब कैसे दिया जाए, जो इतने विवादास्पद हैं, या, आरक्षण की राजनीति को लेकर क्या रुख है. ऐसे मुद्दों पर, विद्रोही, अतिवादी रुख से बचा जाना चाहिए. मध्यम विचार को अपनाकर मध्यम मार्ग चुना जाना चाहिए. आप किसी मुद्दे पर सरकार के रुख से हमेशा असहमत हो सकते हैं, लेकिन कभी भी राजनीतिक रूप से विरोध या प्रेरित होने की आवाज़ न उठाएं क्योंकि एक लोक सेवक के रूप में आपसे यह अपेक्षा की जाती है कि आप तटस्थ और निष्पक्ष हों. इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है कि विवादास्पद मुद्दों की सूची बनाएं, संभावित प्रश्नों को फ्रेम करें, और पहले से अपना स्पष्ट दृष्टिकोण तय करें ताकि आपको साक्षात्कार के दौरान इसे सुधारना न पड़े.

उपरोक्त मुद्दों पर प्रश्नों का उत्तर देते समय, आपको प्रामाणिक और अच्छी जानकारी रखने वाला समझा जाना चाहिए, यह दिखना चाहिए कि सार्वजनिक महत्व के मुद्दों में आपकी गहरी रुचि है और साथ ही उनका महत्वपूर्ण विश्लेषणात्मक करने की क्षमता रखते हैं. यहां तक कि अगर आपको विषय का गहन ज्ञान न हो, तो भी उसके मूल तत्व आपको स्पष्ट होने चाहिए.

6. आपका वैकल्पिक पेपर: बोर्ड को आपके डीएएफ से आपके वैकल्पिक पेपर के बारे में पता चल जाएगा. भले ही वे आपके वैकल्पिक पेपर पर आपका परीक्षण नहीं करें, लेकिन आपको कुछ प्रश्नों का अनुमान लगाना चाहिए और उनके उत्तर तैयार करने चाहिए, आमतौर पर, वैकल्पिक पेपर के प्रश्न विशिष्ट नहीं होते हैं, बल्कि सामान्य प्रकृति के होते हैं. वे जानना चाह सकते हैं कि आपने इसका विकल्प क्यों चुना है, प्रशासन में इसका क्या अनुप्रयोग होगा और आपके विषय से संबंधित वर्तमान घटनाक्रम, यदि कोई हो.

अंत में, केवल अपेक्षित क्षेत्रों पर तैयारी साक्षात्कार के लिए पूरी तैयारी नहीं है. यह वास्तव में आपके, प्रामाणिक और वास्तविक व्यक्तित्व से संबंधित है. इसलिए, साक्षात्कार सत्र के दौरान एक अच्छे व्यक्तित्व की वास्तविक विशेषताओं को प्रकट करने का प्रयास करें. याद रखें, साक्षात्कार सत्र एक असाधारण घटना नहीं है. बोर्ड के सदस्यों द्वारा आपसे कोई असाधारण अपेक्षा नहीं की जाएगी. यह आपके और सदस्यों के बीच आरामदायक माहौल में सिर्फ एक सामान्य बातचीत होने जा रही है. बोर्ड के सामने अपने को ऐसे रूप में प्रकट करने की कोई आवश्यकता नहीं है जो आप वास्तव में नहीं हैं. अपने व्यक्तित्व के अधिक दिखावे के साथ बोर्ड को प्रभावित करने की कोशिश करने के बजाय अपना सामान्य रूप प्रस्तुत करें.

(लेखक प्रसिद्ध शिक्षाविद् और साक्षात्कार परामर्शदाता हैं. ई-मेल: sb_singh2003@ yahoo.com)

व्यक्त विचार व्यक्तिगत हैं.

(चित्र: गूगल के सौजन्य से)

योजना | YOJANA | যোজনা | યોજના | ಯೋಜನಾ | యోజన | कुरुक्षेत्र | Kurukshetra | தீட்டம் | யோஜன | പ്രഭാത | ପଯୋଜନା | ଓଜ | ਪਰਭਾਤ | ଯୋଜନା | ଆଜକଲ | बाल भारती | रोजगार समाचार | Employment News | हमारी पत्रिकाएं

योजना
विकास को समर्पित मासिक
(हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व 10 अन्य भारतीय भाषाओं में)

आजकल
साहित्य एवं संस्कृति का मासिक
(हिंदी तथा उर्दू)

प्रकाशन विभाग
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय
भारत सरकार

रोज़गार समाचार
साप्ताहिक
(हिंदी, अंग्रेजी तथा उर्दू)

कुरुक्षेत्र
ग्रामीण विकास पर मासिक
(हिंदी और अंग्रेजी)

बाल भारती
बच्चों की मासिक पत्रिका
(हिंदी)

घर पर हमारी पत्रिकाएं मंगाना है काफी आसान...

आपको सिर्फ नीचे दिए गए 'भारत कोश' के लिंक पर जा कर पत्रिका के लिए ऑनलाइन डिजिटल भुगतान करना है-
https://bharatkosh.gov.in/Product/Product

सदस्यता दरें

प्लान	योजना, कुरुक्षेत्र, आजकल (सभी भाषा)	बाल भारती	रोज़गार समाचार		सदस्यता शुल्क में रजिस्टर्ड डाक का शुल्क भी शामिल है। कोविड-19 महामारी के मद्देनज़र नए ग्राहकों को अब रोज़गार समाचार के अलावा सभी पत्रिकाएं केवल रजिस्टर्ड डाक से ही भेजी जाएंगी। पुराने ग्राहकों के लिए मौजूदा व्यवस्था बनी रहेगी।
वर्ष	रजिस्टर्ड डाक	रजिस्टर्ड डाक	मुद्रित प्रति (साधारण डाक)	ई-संस्करण	
1	₹ 434	₹ 364	₹ 530	₹ 400	
2	₹ 838	₹ 708	₹ 1000	₹ 750	
3	₹ 1222	₹ 1032	₹ 1400	₹ 1050	

ऑनलाइन के अलावा आप डाक द्वारा डिमांड ड्राफ्ट, भारतीय पोस्टल आर्डर या मनीआर्डर से भी प्लान के अनुसार निर्धारित राशि भेज सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट, भारतीय पोस्टल ऑर्डर या मनीआर्डर 'अपर महानिदेशक, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय' के पक्ष में नई दिल्ली में देय होना चाहिए।
रोज़गार समाचार की 6 माह की सदस्यता का प्लान भी उपलब्ध है, प्रिंट संस्करण रु. 265, ई-संस्करण रु. 200/-, कृपया ऑनलाइन भुगतान के लिए https://eneversion.nic.in/membership/login लिंक पर जाएं। डिमांड ड्राफ्ट 'Employment News' के पक्ष में नई दिल्ली में देय होना चाहिए। अपने डीडी, पोस्टल आर्डर या मनीआर्डर के साथ नीचे दिया गया 'सदस्यता कूपन' या उसकी फोटो कॉपी में सभी विवरण भरकर हमें भेजें। भेजने का पता है-

संपादक, पत्रिका एकांश, प्रकाशन विभाग, कक्ष सं. 779, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003.

अधिक जानकारी के लिए ईमेल करें- pdjucir@gmail.com
हमसे संपर्क करें – फोन: 011-24367453, (सोमवार से शुक्रवार सभी कार्य दिवस पर प्रात: साढ़े नौ बजे से शाम छह बजे तक)

कृपया नोट करें कि पत्रिका भेजने में, सदस्यता शुल्क प्राप्त होने के बाद कम से कम आठ सप्ताह लगते हैं, कृपया इतने समय प्रतीक्षा करें और पत्रिका न मिलने की शिकायत इस अवधि के बाद करें।

सदस्यता कूपन (नई सदस्यता/नवीकरण/पते में परिवर्तन)

कृपया मुझे 1/2/3 वर्ष के प्लान के तहत ..... पत्रिका ..... भाषा में भेजें।

नाम (साफ व बड़े अक्षरों में) .....

पता : .....

..... जिला ..... पिन .....

ईमेल ..... मोबाइल नं. .....

डीडी/पीओ/एमओ सं. ..... दिनांक ..... सदस्यता सं. .....

सूचना

रोजगार समाचार में छपे लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं जरूरी नहीं है कि वही विचार सरकार के या जिन संगठनों के लिए लेखक कार्य करते हैं, उनके हों. रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की विषयवस्तु संगठन या उनके प्रतिनिधियों की है. रोज़गार समाचार इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ के कारण उत्पन्न होने वाले किसी विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है.



वर्चुअल बुक फेयर : पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देना

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले 2021 के ऑनलाइन संस्करण के साथ हाल ही में पुस्तकों की आकर्षक दुनिया पर ध्यान केंद्रित किया गया था. राष्ट्रीय पुस्तक न्यास द्वारा मेले का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है.

रोजगार समाचार ने नेशनल बुक ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रो. गोविंद प्रसाद शर्मा से सम्पर्क किया. साक्षात्कारकर्ता एस. रंगाबशियम, नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी में समाचार एंकर हैं.

प्र. 1) कोरोना महामारी के इस काल में एक वर्चुअल पुस्तक मेले के आयोजन की चुनौतियों के बारे में बताएं.

नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले के पैमाने जैसे किसी भी आयोजन को चुनौती नहीं दी जा सकती है. फिर भी, सही प्रेरणा से सभी चुनौतियों को दूर किया जा सकता है. महामारी-प्रेरित प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए, मेले का आयोजन इस वर्ष एक वर्चुअल मंच पर किया गया था. हमारे पास सर्वश्रेष्ठ आईटी और वर्चुअल प्रदर्शनी मंच टीमों का समर्थन था, और हम प्रदर्शकों और आगंतुकों की विजिट को आकर्षक बनाने के लिए उनके साथ काम करते हैं. मैं जोड़ना चाहूंगा कि इस पैमाने पर पुस्तक मेले का यह भारत का पहला वर्चुअल संस्करण था. वर्चुअल मंच ने दुनिया भर के लोगों को हमारे साथ जोड़ना संभव बना दिया, जो कि भौतिक मेले में, कई बार, यात्रा, संभार तंत्र, वीजा, अन्य समवर्ती भौतिक घटनाओं आदि के कारण एक चुनौती साबित होता है. एनईपी-2020 की अपनी थीम के साथ एनईपी-2020 के आसपास पहली 4 दिवसीय वर्चुअल घटना थी. नई शिक्षा नीति से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करने के लिए वेबिनार, पैनल डिस्कशन, बुक लॉन्च, इंटरैक्टिव सेशन, अंतर्राष्ट्रीय संवाद सहित 30 से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए.

प्रकाशन विभाग ने नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले, 2021-वर्चुअल एडिशन में भाग लिया

प्र. 2) पुस्तक प्रेमियों के लिए ऑनलाइन पुस्तकें पढ़ना और खरीदना कितना आसान था?

यह एक 3डी प्लेटफ़ॉर्म था जिसमें पूर्ण अनुभव था. पुस्तकों को ब्राउज़ करने और खरीदने में आसानी के साथ, स्टालों, ई-मीटिंग प्रदर्शकों, नियमित एनडीडब्ल्यूबीएफ साहित्यिक आयोजनों, बच्चों की गतिविधियों, थीम मंडप, आदि के साथ हमने इसे वास्तविक मेले का अहसास दिलाया. आगंतुक प्रदर्शित पुस्तकें देखने में सक्षम थे और प्रदर्शकों के केटलॉग उनकी पहुंच में थे. वे एक बटन के क्लिक पर अपनी पसंद की किताबें खरीदने में सक्षम थे.

प्र. 3) क्या आपको लगता है कि पुस्तक पढ़ने की आदत ने सोशल मीडिया और इंटरनेट के आगमन के साथ एक गति पकड़ ली है? एनबीटी इस चुनौती की दिशा में कैसे काम कर रहा है?



यद्यपि तकनीकी क्रांति, स्मार्टफोन और टैबलेट और किंडल के व्यापक उपयोग का पढ़ने पर प्रभाव पड़ा है, फिर भी मुद्रित संस्करण अभी भी पाठकों द्वारा मांगे जाते हैं - चाहे वह समाचार पत्र हो, पत्रिकाएं हों, या पुरानी अच्छी पुस्तकें हों. हमारे सभी पुस्तक मेलों में, विशेष रूप से वार्षिक नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में, पुस्तक प्रेमियों का आना प्रति वर्ष बढ़ रहा है. सोशल मीडिया और इंटरनेट ने वास्तव में प्रकाशन उद्योग को सहायता प्रदान की है. किताबें इतनी आसानी से सुलभ हो जाती हैं कि किसी पाठक को सिर्फ ऑनलाइन स्टोर पर जाना पड़ता है और एक किताब खरीदनी होती है जो उसे एक या दो दिन के भीतर डिलीवर हो जाती है. इंटरनेट वास्तव में दुनिया के विभिन्न कोनों से समान विचारधारा वाले लोगों को जोड़कर पुस्तकों पर आगे चर्चा की सुविधा प्रदान करता है.

प्र. 4) ई-बुक्स की उपलब्धता के बावजूद, हाथ में पुस्तक होने की खुशी अनमोल है. क्या आप इस मनोवैज्ञानिक व्यवहार और आदत को समझाना चाहते हैं?

एक भौतिक पुस्तक पढ़ने से पाठक को जो खुशी मिलती है, वह किसी अन्य प्रारूप से नहीं मिल सकती. इसके साथ ही ई-बुक्स, ऑडियो बुक्स आदि के बढ़ते चलन को भी नजरअंदाज करना नासमझी होगी क्योंकि जब तक लोगों को ज्ञान की जरूरत होगी और कहानियों की जरूरत होगी, तब तक किसी भी प्रारूप में पुस्तकों की हमेशा मांग रहेगी.

प्र. 5) युवावस्था में प्रेरित करना. क्या एनबीटी की स्कूल और कॉलेज जाने वाले पाठकों को लक्षित करने की कोई रणनीति है?

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 31 जनवरी, 2021 को मन की बात में की गई घोषणा के अनुसार, शिक्षा मंत्रालय के मार्गदर्शन में एनबीटी जल्द ही युवा लेखकों के लिए एक मेंटोरशिप योजना शुरू करने जा रहा है. कार्यक्रम में पूरे भारत के 22 भारतीय भाषाओं के युवा लेखकों का चयन किया जाएगा, जिन्हें राष्ट्र के समृद्ध इतिहास और परंपराओं के बारे में लिखने के लिए सलाह दी जाएगी.

प्र. 6) समाज के एक वर्ग के लिए, किताबें खरीदना एक लक्जरी हो सकता है. आप किताबों को विशाल जनसमूह के लिए वहन योग्य बनाने की योजना कैसे बनाते हैं?

नेशनल बुक ट्रस्ट, भारत 1957 में अपने प्रारंभ होने के बाद से, हमेशा देश के प्रत्येक पाठक, जो एक किताब की चाह में है, को सस्ता और सुलभ साहित्य उपलब्ध कराने के अपने जनादेश के साथ खड़ा हुआ है, हमारे 4 क्षेत्रीय कार्यालय, कई बुकशॉप और मोबाइल प्रदर्शनी वैन देश के सभी हिस्सों से पाठकों को हमारी सभी पुस्तकें प्रदान करने में मदद करते हैं.

प्र. 7) क्षेत्रीय भाषाओं में बहुत अच्छा साहित्य उपलब्ध है. क्या आप इसे अंग्रेजी और हिंदी के पाठकों को भी उपलब्ध कराने की योजना बना रहे हैं?

एनबीटी देश का एकमात्र संगठन है जो 51 से अधिक भारतीय भाषाओं और अंग्रेजी में पुस्तकें प्रकाशित करता है. हम आदिवासी भाषाओं, बोलियों के साथ-साथ ब्रेल में भी पुस्तकें और पठन सामग्री प्रकाशित करते हैं. हमारे पास एक समर्पित शृंखला, आदान -प्रदान शृंखला है, जो अन्य भारतीय भाषाओं के लोगों के लिए एक विशेष भाषा के प्रसिद्ध साहित्यिक कार्यों को प्रस्तुत करती है. एनबीटी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की सोच में विश्वास करता है और अपने कई अनुवादित कार्यों के माध्यम से, हम विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ज्ञान, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के आदान प्रदान की सुविधा देकर भारत की एकता और अखंडता को मजबूत करना चाहते हैं.

प्र. 8) क्या एनबीटी भारतीय भाषाओं में और सस्ती कीमतों पर विश्व साहित्य उपलब्ध करा सकता है?

हमारे पास पहले से ही ऐसी विभिन्न शृंखलाएं हैं जो भारतीय भाषाओं के साथ-साथ अंग्रेजी में भी विश्व साहित्य का अनुवाद प्रदान करती हैं. उदाहरण के लिए, हमारी विश्व साहित्य शृंखला के अंतर्गत, हम एशियाई, अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी देशों के समकालीन लेखन की रचनाओं को प्रकाशित करते हैं. हमारा एशियाई/पैसिफिक सह-प्रकाशन प्रोग्राम यूनेस्को के तत्वावधान में एशियाई लेखकों द्वारा एशियाई बच्चों के लिए किताबें विकसित करने पर एक आदर्श प्रयास है, ये किताबें इस विशाल महाद्वीप के लिए एक समान विरासत बनाने के लिए कदम हैं और आज एशिया की सबसे अच्छी पुस्तकें हैं. भारतीय भाषाओं के अलावा, एनबीटी ने संयुक्त राष्ट्र की सभी छह आधिकारिक भाषाओं अर्थात् अरबी, चीनी, अंग्रेजी, फ्रेंच, रूसी और स्पेनिश में पुस्तकें प्रकाशित की हैं.

प्र. 9) क्या आप हमारे पाठकों को कोई संदेश देना चाहेंगे?

यह समय, आवागमन और मनोरंजन के अन्य रूपों पर पाबंदी होने के कारण हर किसी के लिए अभूतपूर्व परीक्षा की घड़ी का समय है. मैं बस हर किसी को, विशेष रूप से हमारे युवा पाठकों को सलाह देना चाहता हूं कि वे इस स्थिति का लाभ उठाएं और अपनी ऊर्जा को उन गतिविधियों के प्रति निर्देशित करें जो आपके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती हैं. पुस्तकों का आनंद लें और पठन की अपनी रुचि को फिर से खोजें. माता-पिता को अपने बच्चों को खाली समय में किताबें पढ़ने और उन्हें उदाहरण द्वारा प्रोत्साहित करना चाहिए.

(एस. रंगाबशियम आकाशवाणी में समाचार एंकर हैं, ई-मेल : s_rangabashiam@yahoo.co.in)

व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल-एसडब्ल्यू-05/4100/18-20 यू (सी) 107/18-20 पूर्व शुल्क के बिना डाक में डालने की अनुमति आरएनआई. 28729/1976 दिल्ली आरएमएस, दिल्ली-110006 1/3.5.2021 (₹ 12) प्रकाशन तिथि : 26.4.2021

श्रीनगर, लेह, कालिमपोंग, इम्फाल, दीमापुर, अगरतला, दुलियाजॉन, करीमगंज, छाबुआ, दीफू, डिब्रूगढ़, तेजपुर, हेल्लाकांडी, मरियानी, जोरहाट, शिलांग, डिगबोई, सिल्चर तथा पोर्टब्लेयर के लिए विमान सेवा 20 पैसे अतिरिक्त

समाचार सारांश

राष्ट्रीय

■ 18 साल से ज्यादा के सभी व्यक्तियों को लगेगा कोविड का टीका

देश में 01 मई से 18 साल से ज्यादा उम्र के हर व्यक्ति को कोविड-19 का टीका लगाया जायेगा. केन्द्र सरकार ने कोविड 19 टीकाकरण के उदार और त्वरित तीसरे चरण की रणनीति की घोषणा की है. इस बारे में फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में किया गया. 18 वर्ष से अधिक उम्र के हर व्यक्ति के टीकाकरण के लिये को-विन पोर्टल **cowin.gov.in** पर पंजीकरण की प्रक्रिया 28 अप्रैल को शुरू हो जायेगी. इस बीच स्वास्थ्य सेवा कर्मियों, अग्रिम पंक्ति के कामगारों और 45 साल से ज्यादा उम्र के सभी व्यक्तियों को सरकारी टीकाकरण केन्द्रों पर मुफ्त में टीका लगाने का काम बदस्तूर जारी रहेगा. तीसरे चरण में टीका निर्माता अपनी मासिक आपूर्ति का 50 प्रतिशत हिस्सा केन्द्र सरकार को देंगे. ये बाकी 50 प्रतिशत हिस्सा राज्यों को और खुले बाजार में बेचने के लिये स्वतंत्र होंगे. निजी अस्पतालों को कोविड-19 का टीका राज्यों और खुले बाजार के लिये रखे गये 50 प्रतिशत भाग से हासिल करना होगा. केन्द्र सरकार अपने हिस्से से टीकों को राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के बीच उनमें संक्रमण की गंभीरता और टीकाकरण की रफ्तार के आधार पर आवंटित करेगी. सभी टीके राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के तहत लगाये जायेंगे और इस प्रक्रिया में को-विन प्लेटफॉर्म पर दर्ज करने समेत तमाम प्रोटोकॉल का पालन करना होगा.

■ स्थिति के आकलन से पहले कुछ दिन इंतजार करें उद्योग: वित्त मंत्री

वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने उद्योग जगत से आग्रह किया है कि वह कोविड-19 की वैश्विक महामारी की दूसरी लहर के दौरान स्थिति का आकलन करने के लिये अगले कुछ दिनों तक इंतजार करें. श्रीमती सीतारमण ने उद्योगों को सरकार की तरफ से पूरे सहयोग का आश्वासन दिया. वह भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ (फिक्की) की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्यों को आभासी माध्यम से संबोधित कर रही थीं. उन्होंने बताया कि ऑक्सीजन की आपूर्ति की एक बहुत साफ-सुथरी योजना तैयार की गयी है. जिन 12 राज्यों में इसकी ज्यादा किल्लत है उनके लिये खास तौर से नयी अनुमतियां प्रदान की गयी हैं. वित्त मंत्री ने बताया कि ऑक्सीजन टैंकरों के अंतर-राज्यीय परिवहन पर पंजीकरण और परमिट जैसी तमाम बाधाओं को दूर कर दिया गया है और वे चौबीसों घंटे चल सकते हैं. सिलिंडर भरने के संयंत्र मांग और आपूर्ति के बीच अंतर को खत्म करने के लिये सुरक्षा के जरूरी उपायों के साथ दिन-रात काम कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये हर संभव कदम उठाये गये हैं. सरकार ने रेमडेसिविर के उत्पादन के लिये अनुमतियां फौरन प्रदान की हैं. श्रीमती सीतारमण ने बताया कि मेडिकल ऑक्सीजन के आयात की इजाजत दी जा चुकी है. मेडिकल ऑक्सीजन की मांग पूरी होते ही उद्योग जगत को भी इस गैस की जरूरी आपूर्ति मिलने लगेगी.

अंतरराष्ट्रीय

■ प्रधानमंत्री: स्वच्छ ऊर्जा, वनीकरण के लिये भारत ने उठाये साहसिक कदम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये तेज, बड़े पैमाने पर और वैश्विक विस्तार वाली ठोस कार्रवाई की जरूरत है. श्री मोदी 22 अप्रैल को जलवायु परिवर्तन पर विश्व के नेताओं के शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भारत ने विकास की चुनौतियों के बावजूद स्वच्छ ईंधन, ऊर्जा दक्षता, वनीकरण और जैव-विविधता के क्षेत्रों में अनेक साहसिक कदम उठाये हैं. उन्होंने कहा कि 2030 तक वार्षिक 450 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का भारत का महत्वाकांक्षी लक्ष्य उसकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है. श्री मोदी ने कहा कि भारतीयों की जीवन शैली की जड़ें अब भी संवहनीय पारंपरिक प्रथाओं में हैं. इसी वजह से भारत का प्रति व्यक्ति कॉर्बन फुटप्रिंट वैश्विक औसत से 60 प्रतिशत कम है. प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने संवहनीय विकास के प्रतिमान तैयार करने के लिये भागीदारी का स्वागत करता है. ये प्रतिमान उन अन्य विकासशील देशों के लिये भी मददगार हो सकते हैं जिन्हें पर्यावरण के अनुकूल वित्त और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तक किफायती पहुंच की दरकार है. श्री मोदी ने बताया कि वह और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन 'भारत-अमेरिका जलवायु और स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा 2030 भागीदारी' की शुरुआत कर रहे हैं. दोनों देश मिल कर जलवायु परिवर्तन रोकने के उपायों के लिये निवेश की व्यवस्था, स्वच्छ प्रौद्योगिकी विकास और पर्यावरण के अनुकूल साझेदारियों में मददगार बनेंगे. श्री मोदी ने कहा कि कोविड के बाद के युग में संवहनीय जीवन शैली और जड़ों की ओर लौटने का मार्गदर्शक सिद्धांत हमारी आर्थिक रणनीति का महत्वपूर्ण स्तंभ होना चाहिये. उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन विश्व भर में लाखों लोगों के लिये भोगा हुआ यथार्थ है. इनके जीवन और आजीविका पर जलवायु परिवर्तन का बुरा प्रभाव पड़ रहा है. उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शब्दों को याद करते हुए कहा- 'उठो, जागो और अपने लक्ष्य को हासिल करने से पहले मत रुको.' प्रधानमंत्री ने हर किसी से मौजूदा समय को जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई का दशक बनाने की अपील की. इस सम्मेलन में विश्व के लगभग 40 अन्य नेताओं ने शिरकत की. इसका आयोजन नवंबर, 2021 में निर्धारित संयुक्तराष्ट्र जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन (कॉप 26) से पहले की जा रही वैश्विक बैठकों की कड़ी के रूप में किया गया.

■ सीएजी जीसी मुर्मू बने ओपीसीडब्ल्यू के बाहरी ऑडिटर

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) जीसी मुर्मू को रासायनिक हथियारों के खात्मे के लिये काम करने वाले एक प्रतिष्ठित अंतर-सरकारी संगठन का बाहरी ऑडिटर चुना गया है. हेग स्थित रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) के सदस्य देशों ने श्री मुर्मू को 2021 से 03 साल के कार्यकाल के लिये बाहरी ऑडिटर चुना है. विदेश मंत्रालय ने कहा है कि ओपीसीडब्ल्यू के इस फैसले से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में भारत की साख और सीएजी के पेशेवर कामकाज, उच्च मानदंड, वैश्विक अनुभव और प्रतिस्पर्धी स्थिति का पता चलता है. सदस्य देशों के सम्मेलन में भारत को अगले दो साल के लिये एशिया समूह के प्रतिनिधि के तौर पर ओपीसीडब्ल्यू कार्यकारी परिषद का सदस्य फिर से चुन लिया गया.

अर्थव्यवस्था

■ 18.5 प्रतिशत बढ़ा कृषि और संबंधित उत्पाद निर्यात

अप्रैल, 2020 से फरवरी, 2021 तक भारत से कृषि और संबंधित उत्पादों के निर्यात में इससे पहले के वित्त वर्ष के इसी काल की तुलना में लगभग 18.5 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की गयी. कोविड 19 की वैश्विक महामारी के बावजूद देश ने गेहूं के निर्यात में 727 प्रतिशत और गैर-बासमती चावल के निर्यात में 132 प्रतिशत का जबर्दस्त इजाफा दर्ज किया. भारत ने इस महामारी के दौरान निर्यात जारी रखते हुए इस बात का ध्यान रखा कि वैश्विक खाद्य आपूर्ति श्रृंखला अस्त-व्यस्त नहीं हो. देश ने अप्रैल, 2020 से फरवरी, 2021 तक कृषि और संबंधित उत्पादों का 270000 करोड़ रुपये से ज्यादा का निर्यात किया. इस दौरान कृषि और संबंधित वस्तुओं के आयात में भी 2.93 प्रतिशत की मामूली वृद्धि दर्ज की गयी. इस दौरान कोविड 19 से उत्पन्न बाधाओं के बावजूद कृषि उत्पादों के व्यापार संतुलन में सकारात्मक बढ़ोतरी हुई.

खेल

■ मीराबाई चानू ने बनाया क्लीन एंड जर्क का विश्व रिकॉर्ड

भारत की मीराबाई चानू ने ताशकंद में एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में महिला 49 किलो वर्ग में क्लीन एंड जर्क का 119 किलोग्राम का नया विश्व रिकॉर्ड कायम किया. 26 वर्षीया मीराबाई ने स्नैच में 86 किलोग्राम और कुल 205 किग्रा वजन उठाते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया. इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक चीन की हाऊ झीहुई ने स्नैच में नये विश्व रिकॉर्ड के साथ कुल 213 किलोग्राम वजन उठाते हुए जीता. उन्हीं के देश की जियांग ह्वीह्वा ने कुल 207 किलोग्राम वजन उठा कर स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया. यह चैम्पियनशिप ओलंपिक में क्वालिफिकेशन के लिये गोल्ड लेवल प्रतियोगिता थी.

■ दीपक पूनिया रजत पदक पर रुके

विश्व चैम्पियनशिप के रजत विजेता दीपक पूनिया को कजाखस्तान के अलमाटी में एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में भी दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा. दीपक को 86 किलो फ्रीस्टाइल स्पर्धा के फाइनल में विश्व चैम्पियन हसन यजदानी ने दो मिनट 53 सेकंड में 10-0 से धूल चटा दी. संजीत ने भारत को 92 किलो वर्ग में कांस्य पदक दिलाया. वह उज्बेकिस्तान के रुस्तम शोदिएव से 8-11 से हार गये. भारत ने चैम्पियनशिप में पुरुष फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में कुल 07 पदक जीते. उसे चैम्पियनशिप में कुल मिला कर 5 स्वर्ण, 3 रजत और 6 कांस्य पदक हासिल हुए.

■ इंडिया ओपन बैडमिंटन स्थगित

इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट, 2021 को नयी दिल्ली में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्थगित कर दिया गया है. यह टूर्नामेंट नयी दिल्ली के केडी जाधव इंडोर हॉल में 11 से 16 मई तक आयोजित किया जाना था. भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से विचार-विमर्श के बाद यॉनेक्स सनराइज इंडिया ओपन, 2021 को स्थगित करने का फैसला किया. यह बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट टोक्यो ओलंपिक के लिये अंतिम कुछ क्वालिफिकेशन टूर्नामेंटों में शामिल था. इसमें केंता मोमोता और विक्टर एक्सलसन जैसे धुरंधरों समेत 33 देशों के खिलाड़ियों को भाग लेना था जिनमें चोटी के 10 में से अनेक खिलाड़ी शामिल हैं.

(चित्र सौजन्य : गूगल)

प्रकाशन विभाग, सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के लिए, मोतीदीप मुखर्जी महानिदेशक द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित और अमर उजाला लि., यी-21 और 22, सेक्टर-59, नोएडा-201301 में मुद्रित, रोजगार समाचार (सूचना और प्रसारण मंत्रालय) सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 द्वारा प्रकाशित, संपादक: जय सिंह